दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली सोमवार 01 जून -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 158 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# देश के युवाओं में 'अद्भुत प्रतिभा' है, 'मन की बात' में बोले पीएम मोदी




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम का 134वां एपिसोड है। पीएम मोदी ने कहा कि आम किसान अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। नीदरलैंड्स ने मुझे ताम्र पट्टिकाएं दी। चोल साम्राज्य की ताम्र पट्टिकाएं लौटाई। 21 बड़े और 3 छोटी ताम्र पट्टिकाएं लौटाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत के खिलाड़ी लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का बढ़ता आत्मविश्वास और उनकी मेहनत नए भारत की पहचान बन रही है। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय एथलीट गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे युवा देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

**नीदरलैंड्स यात्रा का अनुभव किया साझा :** प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया नीदरलैंड्स यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वहां आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भारत की ऐतिहासिक धरोहर से जुड़ी महत्वपूर्ण ताम्र पट्टिकाएं वापस सौंपी गईं। इस अवसर को उन्होंने हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। पीएम मोदी ने कहा कि चोल साम्राज्य की विरासत और उसकी समृद्ध सांस्कृतिक पहचान हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत सरकार देश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और विदेशों से वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

**छत्तीसगढ़ में मिली दुर्लभ ऐतिहासिक धरोहर :** प्रधानमंत्री ने 'ज्ञान भारतम-अभियान' का जिक्र करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मल्हार क्षेत्र में तीन दुर्लभ ताम्र पट्टिकाओं की खोज हुई है। माना जा रहा है कि ये पट्टिकाएं पांडुवंशी राजवंश के महर्षि बालार्जुन के शासनकाल से संबंधित हैं।

# सूर्या चौहान हत्याकांड का मुख्य आरोपी असद एनकाउंटर में ढेर

## एक सिपाही घायल, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पीड़ित परिवार को 5 लाख की आर्थिक सहायता और नौकरी का ऐलान






**एनकाउंटर**

**- 50 हजार के इनामी बदमाश पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

**- रविवार को भी तैनात रहीं पुलिस फोर्स**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा क्षेत्र में हुए चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड में रविवार तड़के गाजियाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के इनामी हत्यारोपी असद को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार असद पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार होने का प्रयास कर रहा था, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

सूर्या चौहान की हत्या के बाद से पूरे खोड़ा क्षेत्र में भारी आक्रोश था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला प्रदेश भर में चर्चा का विषय बन गया था। हिंदू संगठनों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही थी। पुलिस की इस कार्रवाई को उसी क्रम में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया पूरी कार्रवाई का घटनाक्रम





करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) धवल जायसवाल ने बताया कि 28 मई को थाना खोड़ा क्षेत्र में असद ने अपने साथियों के साथ मिलकर सूर्या चौहान पर चाकू से हमला किया था। गंभीर रूप से घायल सूर्या को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 30 मई को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मुख्य आरोपी असद फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं तथा उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। डीसीपी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि असद अपने एक साथी के साथ अभयखंड क्षेत्र से होकर भागने की तैयारी में है और अपने साथियों से पैसे लेकर किसी अन्य स्थान पर फरार होने वाला है। सूचना के आधार पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक के नेतृत्व में थाना खोड़ा और थाना इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान बाइक पर सवार असद और उसका साथी आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन असद ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली असद को लगी। बताया जा रहा है कि उसे तीन गोलियां लगी थीं। मुठभेड़ के दौरान एक कांस्टेबल भी घायल हुआ। घायल असद को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मृतक परिवार से मिलने पहुंचे कैबिनेट मंत्री, सांसद और जनप्रतिनिधि





करंट क्राइम : रविवार को असद के एनकाउंटर की सूचना मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सूर्या चौहान के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और विशेष रूप से मृतक की मां को सांत्वना देते हुए न्याय का भरोसा दिलाया। इसके बाद गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। साथ ही परिवार के एक सदस्य को नगर पालिका में संविदा के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की घोषणा भी की गई।

### मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सरोज चौहान को 5 लाख की सहायता

करंट क्राइम : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सरोज पत्नी कौशलेंद्र सिंह चौहान, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। बताया गया कि विशेष परिस्थितियों को देखते हुए यह सहायता प्रदान की गई है। सहायता राशि स्वीकृत होने से परिवार को आर्थिक राहत मिलेगी और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के माध्यम से प्रदेश सरकार जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को समय-समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है। सहायता स्वीकृत होने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत भरा कदम बताया है।

### पुलिस के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा एनकाउंटर

करंट क्राइम : पुलिस अधिकारियों के अनुसार सूर्या चौहान हत्याकांड को लेकर पूरे प्रदेश की नजर गाजियाबाद पुलिस पर थी। ऐसे में मुख्य आरोपी असद के खिलाफ की गई कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के मामले में शामिल अन्य आरोपियों और उनके नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है। यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।






हत्यारोपी असद




### तीन आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नवाब (40 वर्ष), फरहान (19 वर्ष) और आतिफ (19 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस इन सभी का आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

### दिनभर जुटे रहे हिंदू संगठन और भाजपा नेता

करंट क्राइम : सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद से ही विभिन्न हिंदू संगठनों और भाजपा नेताओं की सक्रियता लगातार बनी रही। रविवार को भी हिंदू रक्षा दल, बजरंग दल, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मृतक परिवार से मिलने पहुंचे। सभी ने परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया और पुलिस की कार्रवाई को सही दिशा में उठाया गया कदम बताया।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पवन मावी और अजय शर्मा ने की कार्रवाई की सराहना



करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई से जनता का विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि सूर्या चौहान हत्याकांड में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई कर यह संदेश दिया है कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं भाजपा नेता पवन मावी ने भी पुलिस कार्रवाई का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार परिवार के संपर्क में रहे और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए थे। इससे लोगों में विश्वास बना कि दोषियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होगी। इसके साथ ही भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा ने भी पुलिस की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### खोड़ा एनकाउंटर को लेकर बोले सांसद अतुल गर्ग, गुडवर्क नहीं वैरी गुडवर्क



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इस घटनाक्रम के बाद सांसद अतुल गर्ग भी खोड़ा पहुंचे। उन्होंने कहा कि ये पुलिस का गुडवर्क नहीं बल्कि वैरी गुडवर्क है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोस्तों ने ही धोखे से दोस्त को मारा। एक अन्य मामले में भी इसी तरह का घटनाक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि पता चला है कि आठ महीने से ये बात मन में पाले हुए था। पुलिस बड़े और शातिर अपराधियों पर निगाह रखती है परंतु दोस्त-रिश्तेदार या करीबी लोग अपराध करते हैं तो कई बार ऐसे लोगों का पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होता। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अपराध भले ही पहली बार हो, लेकिन योगी राज में अपराधियों के लिये कोई माफी नहीं है। पहले लोग हत्या करके बच जाते थे। गवाह नहीं मिलते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है और वारदात के 48 घंटे के भीतर रिजल्ट आ जाता है। योगी राज में सीधा सा संदेश अपराधियो के लिये है कि अगर अपराध करोगे तो बचोगे नहीं। ये एक बड़ा संदेश अपराधियों के लिये है। निश्चित रूप से इसके लिये गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस और खोड़ा पुलिस बधाई की पात्र है।

### एनकाउंटर के बाद बोले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अपराधी के लिये दो ही स्थान कब्रिस्तान या श्मशान



**खोड़ा एनकाउंटर को बताया पुलिस का गुड वर्क**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। खोड़ा मामले में पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की और आरोपी को एनकाउंटर में मार गिराया। इस मामले में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कानून का राज स्थापित हो और लोग सुरक्षित रहें इसके लिये योगी सरकार पूरी तरह कृतसंकल्प है। पुलिस को निर्देश है कि कानून का राज स्थापित करें और जो भी व्यक्ति जनता को भयभीत करे या पुलिस पर हमला करें तो उसे जवाब दिया जायेगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में अपराधियों के लिये कोई स्थान नहीं है। अपराध करोगे तो फिर दो ही स्थान है या कब्रिस्तान है या फिर श्मशान है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एनकाउंटर को गुडवर्क बताते हुए खोड़ा पुलिस की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वास्तव में पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। ये योगी सरकार है और यहां अपराधियों के लिये कोई रियायत नहीं है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि ये एक ऐसा जघन्य हत्याकांड था जिसपर कठोर कार्यवाही जरूरी थी। अब इस कार्यवाही से एक बड़ा संदेश पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और अपराधियों को पता है कि अगर कानून व्यवस्था को चुनौती दोगे तो फिर कठोर कार्यवाही का सामना करना होगा। वास्तव में पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि शासन ने दो मामलों में मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की धनराशि देने की घोषणा की है। रविवार को मैं भी खोड़ा गया था और मेरे साथ सांसद अतुल गर्ग भी गये थे। हमने पीड़ितों के घर जाकर उन्हें सरकार की मदद और सांत्वना की जानकारी दी।

# पार्षद पूल में उतरे, सियासत में चर्चाएं तैरने लगीं

## डीजे पर थिरके जनप्रतिनिधि, नए समीकरणों की सुगबुगाहट तेज







**राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे आने वाले समय में किसी नए समूह, नए समीकरण या नई रणनीति की शुरूआत के संकेत के रूप में भी देख रहे हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन में आयोजित पार्षदों की पूल पार्टी रविवार को नगर निगम की राजनीति में चर्चा का प्रमुख विषय बन गई। भाजपा पार्षद नीरज गोयल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के अनेक पार्षद शामिल हुए। स्विमिंग पूल में मस्ती, स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद और डीजे की धुनों पर जमकर डांस के बीच यह आयोजन पूरी तरह यादगार बन गया।

हालांकि कार्यक्रम को आपसी मेल-मिलाप और मनोरंजन का मंच बताया गया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके अलग मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि इस पार्टी में कई ऐसे पार्षद भी एक साथ नजर आए, जो अब तक एक-दूसरे के राजनीतिक विरोधी माने जाते रहे हैं। लंबे समय बाद कई पुराने मतभेद भुलाकर एक मंच पर दिखे जनप्रतिनिधियों ने नए राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर भी शुरू कर दिया है। नगर निगम के जानकारों का मानना है कि यह आयोजन सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए आपसी संवाद और नए रिश्तों की नींव भी रखी गई। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे आयोजन के पीछे पार्षद वीरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही और उन्हें ही इसका मास्टरमाइंड माना जा रहा है। पूल किनारे हुई मस्ती और डीजे पर थिरकते पार्षदों की तस्वीरें अब नगर निगम के गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षक इसे आने वाले समय में किसी नए समूह, नए समीकरण या नई रणनीति की शुरूआत के संकेत के रूप में भी देख रहे हैं। फिलहाल इतना तय है कि इस पूल पार्टी ने शहर की राजनीति में नई चचाओं को जरूर जन्म दे दिया है।





# दिल्ली में मची तबाही

# साकेत में 5 मंजिला इमारत गिरी

## पांच लोगों की मौत, 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया; राहत और बचाव कार्य जारी






**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के साकेत के निकट सैदुल्लाजाब इलाके में शनिवार शाम अवैध छह मंजिला इमारत ढह जाने से बड़ा हादसा हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब सातवीं मंजिल की छत ढालने की तैयारी हो रही थी। वेस्टर्न मार्ग स्थित गली नंबर-5 में हुई।

**उपराज्यपाल ने जताया दुख :** दिल्ली के उपराज्यपाल ने साकेत में इमारत गिरने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे में मारे गए तथा घायल लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को युद्धस्तर पर बचाव एवं राहत कार्य जारी रखने, घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने, तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और आवश्यक सहयोग प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं।

**हादसे को लेकर एमसीडी ने की कार्रवाई :** महरौली में बिल्डिंग गिरने के हादसे को लेकर एमसीडी ने कार्रवाई की। साउथ जोन के उपायुक्त ने इलाके के जेई और एई को सस्पेंड किया।

इमारत गिरने के हादसे में पांच की मौत और 10 घायल हो गए हैं। घायलों में तीन महिला और सात पुरुष हैं। वहीं पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मालिक को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है।

सीएम रेखा गुप्ता बोलीं- जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। महरौली पुलिस स्टेशन एरिया में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'ऐसी सभी बिना इजाजत वाली बिल्डिंग और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।'

**दहशत में लोग :** इमारत गिरने के साथ ही आसपास के इलाके में जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ ही क्षणों में पूरे क्षेत्र में धूल और मलबे का गुबार फैल गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इमारत के एक हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा था। मृतक की पहचान रवि (26) के रूप में हुई है।

**हालात खराब, अफरा-तफरी का आलम :** फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स (एफएमजी) के अध्यक्ष डॉ. जसवंत ने बताया कि अब तक नौ से दस लोगों को बचाया जा चुका है। इनमें से हमारे एक मेडिकल डॉक्टर, जो एफएमजी या पीजी की तैयारी कर रहे हैं, मेस में मौजूद थे। अब तक उनमें से दो की मौत हो चुकी है और बाकी दो को डिस्चार्ज कर दिया गया है। किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है।

## 'मेरी मां मलबे में फंसी है' चीख पुकार के बीच बेटी की गुहार!

# सातवीं मंजिल की छत डालने के दौरान हादसा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सैदुल्लाजाब में हुए दर्दनाक भवन हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर नगर निगम और संबंधित एजेंसियों की निगरानी व्यवस्था कहां थी। हादसा जिस इमारत में हुआ, वह चार साल पहले केवल चार मंजिला थी, लेकिन इस दौरान कथित रूप से अवैध निर्माण कर उसे छह मंजिल तक पहुंचा दिया गया। सातवीं मंजिल पर लिंटर डालने की तैयारी चल रही थी और करीब 25 से 30 मजदूर काम में जुटे थे, तभी पूरी संरचना भरभराकर गिर गई।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य जारी था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इमारत में लगातार मंजिलें जोड़ी जा रही थीं और आसपास रहने वाले लोग भी इसकी जानकारी रखते थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह निर्माण कार्य प्रशासन की नजरों से पूरी तरह ओझल था या फिर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।



दिल्ली में अवैध निर्माण और कमजोर इमारतों का मुद्दा नया नहीं है। कई भवन हादसों के बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा। अप्रैल 2025 में मुस्तफाबाद में चार मंजिला इमारत गिरने के बाद भी एमसीडी ने माना था कि अवैध रूप से मंजिलें बढ़ाना और लोड-बेयरिंग क्षमता की अनदेखी करना बड़े खतरे की वजह बन रहा है। तब निगम ने पांच और छह मंजिला अवैध इमारतों की पहचान कर कार्रवाई का दावा किया था तथा अधिकारियों पर भी कार्रवाई की घोषणा की थी।

**... तो निगरानी तंत्र क्या कर रहा था :** सवाल है कि यदि चार मंजिला भवन को कुछ वर्षों में बढ़ाकर छह मंजिल और फिर सातवीं मंजिल तक ले जाया गया, तो क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर, भवन विभाग और निगरानी तंत्र क्या कर रहे थे। निर्माण सामग्री, मजदूरों की आवाजाही और लगातार चल रहे काम के बावजूद कोई रोक-टोक क्यों नहीं हुई। यदि समय रहते निरीक्षण और कार्रवाई की जाती, तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि बिना स्वीकृत नक्शे और संरचनात्मक जांच के अतिरिक्त मंजिलें जोड़ना जानलेवा साबित हो सकता है।

## ...और भीगेगा दिल्ली-एनसीआर

# मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

### मौसम में आए बदलाव से लोगों को मिली राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। शाम ढलते ही तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान घने बादलों से ढक गया। इसके बाद कई इलाकों में बारिश हुई, जबकि कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। खास बात यह रही कि मई महीने की शुरूआत जहां बारिश के साथ हुई थी, वहीं इसका समापन भी बारिश के साथ होता दिखाई दे रहा है।

**लगातार दूसरे दिन हुई बारिश :** कई क्षेत्रों में धूल भरी आंधी जैसी स्थिति बनी, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो कि सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो कि सामान्य से 2 डिग्री कम है। राजघाट में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और मयूर विहार में 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलीं। शुक्रवार को भी राजधानी के कुछ हिस्सों में बारिश हुई थी और 4.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

**रविवार को भी बारिश का अलर्ट :** मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी बारिश, तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के आसार जताते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

# हमले के बाद कल्याण बनर्जी से मिलने पहुंचीं ममता

## टीएमसी ने कहा- हमें चुप नहीं कराया जा सकता

**हमला**

**प्रदर्शनकारियों ने कल्याण बनर्जी के खिलाफ लगाए चोर-चोर के नारे**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर हुगली में हमला हुआ है। कल्याण बनर्जी आज टीएमसी कार्यकताओं की रिहाई के लिए ज्ञापन देने गए थे। दावा किया गया है कि उसी दौरान उन पर हमला हुआ। गौरतलब है कि कल टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भी हमला हुआ था। सोनारपुर में चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी के साथ धक्का मुक्की हुई और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। इस दौरान उन पर अंडे फेंके गए और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी की गई।

कल्याण बनर्जी रविवार को हुगली के चंडीतला पुलिस स्टेशन में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ज्ञापन देने पहुंचे थे। इस दौरान उनका विरोध शुरू हो गया और प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कथित तौर पर उन पर हमला किया गया। जिससे उनके सिर में चोट आने का दावा किया गया है। कल्याण बनर्जी के खिलाफ भी चोर-चोर के नारे लगाए गए। हमले के बाद कल्याण बनर्जी अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात को नियंत्रित किया।

## ममता बनर्जी पर अस्पताल के सीईओ को धमकाने का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देबजीत सरकार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। उनका दावा है कि इस वीडियो में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए कोलकाता के मिंटो पार्क स्थित एक निजी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को धमकाती हुई दिखाई और सुनाई दे रही हैं। देबजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल प्रमाणपत्र का भी हवाला दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल रिपोर्ट में कोई गंभीर चोट नहीं मिलने के बावजूद ममता बनर्जी अस्पताल प्रबंधन पर अभिषेक बनर्जी को भर्ती करने का दबाव बना रही थीं।

## हत्या की घटनाओं पर सीएम सख्त

# बिल्डर की हत्या पर विभूति खंड के एसीपी और इंस्पेक्टर हटाए गए

**समीक्षा बैठक**

**सीएम ने गाजियाबाद में हाल ही में हत्या की दो वारदातों का तत्काल खुलासा करने के निर्देश दिए**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी समेत कई जिलों में हत्या की घटनाओं पर अफसरों को कड़ी चेतावनी दी। शनिवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने राजधानी में भाजपा नेता और बिल्डर की हत्या का संज्ञान लेकर लापरवाही बरतने वाले अफसरों को हटाने का निर्देश दिया। सीएम के आदेश पर विभूति खंड के एसीपी विनय द्विवेदी और इंस्पेक्टर अमर सिंह को हटा दिया गया है।

सीएम ने अधिकारियों को गाजियाबाद में हाल ही में हत्या की दो वारदातों का तत्काल खुलासा करने के निर्देश दिए।

# लगातार हो रही बारिश, केदारनाथ धाम की यात्रा अस्थायी रूप से रोकी

**मौसम का कहर**

**मौसम विभाग ने रुद्रप्रयाग में भारी बारिश, आंधी-तूफान और प्रतिकूल मौसम की आशंका जताई**




**देहरादून।** मौसम विभाग ने रुद्रप्रयाग में भारी बारिश, आंधी-तूफान और प्रतिकूल मौसम की आशंका जताई है। मौसम को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है ऐसे में प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया है। ला प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निकटतम होल्डिंग स्थलों और सुरक्षित स्थानों पर रोकने के निर्देश जारी किए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि खराब मौसम और ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर यात्रा को फिलहाल रोका गया है। कहा कि पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मौसम सामान्य होते ही यात्रा को सुचारू किया जाएगा।

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह में हंगामा

**अलीगढ़।** अलीगढ़ महानगर के सासनी गेट चौराहे पर 31 मई को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती समारोह के दौरान उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब ट्रैक्टर से स्टंट करने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक दरोगा के साथ मारपीट कर दी। इस झड़प में दरोगा के हाथ में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया, जिसके बाद भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पुलिस के अनुसार, सासनी गेट चौराहे पर अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान कार्यक्रम में शामिल कुछ युवक ट्रैक्टर से स्टंट करने लगे।

# पीएम मोदी ने अहिल्याबाई होलकर को दी श्रद्धांजलि, कहा- उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा देश उनकी बुद्धिमत्ता, करुणा और जनकल्याण के प्रति उनके समर्पण के लिए उन्हें गहरे सम्मान के साथ याद करता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। नरेंद्र मोदी ने मालवा साम्राज्य की पूर्व शासिका अहिल्याबाई होलकर के जीवन को सुशासन, देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने हमेशा साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ नेतृत्व किया। उनके द्वारा समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा, 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन। उनकी बुद्धिमत्ता, करुणा और जन कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए पूरा देश उन्हें गहरे सम्मान और प्रशंसा के साथ याद करता है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में पवित्र मंदिरों और तीर्थस्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर सभी के लिए न्याय और कल्याण सुनिश्चित करने तक अहिल्याबाई होलकर का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक चेतना को और मजबूत करने का काम किया।

**जयंती**


**पीएम मोदी ने कहा, 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन**




01 June -26 page 3 31-05-26 10:41 PM Page 1

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 01 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# खोड़ा वाले प्रकरण को लेकर क्यों उलझ गए आपस में भाजपाई
## पहलवान ने पूछा सवाल तो दूसरी तरफ से भी उठा सवाल




**सवाल यही उठा कि जिस कार्यवाही को सांसद वैरी गुडवर्क बता रहे हैं, कैबिनेट मंत्री गुड बता रहे हैं उस कार्यवाही को लेकर आखिर पूर्व महामंत्री क्यों उंगली उठा रहे हैं।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मामले को लेकर जहां कैबिनेट मंत्री ने इसे गुडवर्क बताया, सांसद अतुल गर्ग ने इसे वैरी गुडवर्क बताया वहीं सोशल मीडिया पार इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा का ही एक अलग तर्क नजर आया। खोड़ा के इस घटनाक्रम से पहले खोड़ा की सियासत का एक सीन समझ लें, यहां भाजपा के पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान डेरा डाले हुए हैं। खोड़ा में शोक सांत्वना से लेकर झाड़ू लगाने तक उनकी एक्टिविटी है। अब जब खोड़ा का ये मामला हो गया और इसमें पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया तो यहां भाजपा के पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान ने एक सवाल सोशल मीडिया पर लिखा।

उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली और ये पोस्ट चर्चा में रही। उन्होंने पोस्ट में पूछा कि बाकी आरोपियों को पुलिस कब गिरफ्तार करेगी। इसके बाद पप्पू पहलवान के निशाने पर खोड़ा थाने के एसएचओ आ गए। उन्होंने पूछा कि आखिर खोड़ा एसएचओ पर कब कार्यवाही होगी। पप्पू पहलवान के इस पोस्ट के बाद फिर यहां दूसरी तरफ से भी मोर्चा खुला। यहां तरुण भारद्वाज सामने आए। तरुण भारद्वाज कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खेमे के बताए जाते हैं। दिशा की बैठक में वो मंत्री प्रतिनिधि के रूप में शामिल हो चुके हैं। तरुण भारद्वाज ने एक पोस्ट डाली और खोड़ा पुलिस को विशेष बधाई का पात्र बताया। इसके बाद चमन चौहान आए और उन्होंने लिखा कि न्याय हुआ है। बधाई की बात होती रही और इसी बीच एक आवाज ये भी उठी कि जब सभी लोग बधाई दे रहे हैं तो फिर ये बात क्यों उठ रही है।

यहां कहने वाले ने ये भी कहा कि जो लोग खोड़ा पुलिस से सवाल कर रहे हैं वो लोग गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर से ये सवाल क्यों नहीं करते। कार्यवाही के निर्देश हमेशा अधिकारियों से मिलते हैं। बाकी कब पकड़े जाएंगे, क्या होगा, ये सवाल तो पुलिस आयुक्त से भी हो सकता है। आखिर पूछने वाले क्या पूछना चाहते हैं और क्यों पूछना चाहते हैं। पहलवान की पोस्ट के बाद अंदरखाने भाजपाई उलझते दिखाई दिये। पुलिस का गुडवर्क है लेकिन भाजपा के दो गुट यहां आमने-सामने दिखाई दिये। सवाल यही उठा कि जिस कार्यवाही को सांसद वैरी गुडवर्क बता रहे हैं, कैबिनेट मंत्री गुड बता रहे हैं उस कार्यवाही को लेकर आखिर पूर्व महामंत्री क्यों उंगली उठा रहे हैं। क्या कोई ऐसी बात है जिसे वो कहना चाहते हैं। क्या वो मौजूदा कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है या फिर वो किसी और दृष्टिकोण से ये सवाल उठा रहे हैं।

# जे. रविंदर गौड की कमान में अपराधियों का अंत, सात फुल एनकाउंटर बने मिसाल

गौरव शशि नारायण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में दिए गए अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे, वाले संदेश को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट लगातार धरातल पर उतारती नजर आ रही है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खोड़ा के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में मार गिराया गया। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त के कार्यकाल में सात बड़े अपराधियों का फुल एनकाउंटर हो चुका है। खोड़ा क्षेत्र में बकरीद के दिन सूर्या चौहान की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। पुलिस ने मामले को चुनौती के रूप में लेते हुए लगातार दबिश और सघन अभियान चलाया। आखिरकार संयुक्त पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया।

## बलराम ठाकुर से लेकर कैशवैन कांड के बदमाश हुए ढेर

करंट क्राइम : इससे पहले भी पुलिस कमिश्नरेट कई चर्चित मामलों में अपराधियों का अंत कर चुकी है। इनमें कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर, लोनी में सलीम वास्विक पर जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाई, भांजी से दुष्कर्म के आरोपी मामा और दिनदहाड़े कैश वैन लूट में शामिल दो बदमाश शामिल रहे हैं। इन सभी मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया। तो सूर्या चौहान हत्याकांड में हुई कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि संगीन अपराध करने वालों के प्रति पुलिस की नीति पूरी तरह सख्त है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## अपराधियों के लिए चुनौती बने डीसीपी सिटी धवल जायसवाल व क्राइम ब्रांच



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल की कार्यशैली इन दिनों विशेष चर्चा में है। दो जोन सहित कई अतिरिक्त जिम्मेदारियों का दायित्व संभालने के बावजूद वे लगातार अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था पर मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। हाल के कई चर्चित मामलों के सफल खुलासे और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई ने उनकी कार्यप्रणाली को अलग पहचान दिलाई है। सूर्या चौहान हत्याकांड के खुलासे और आरोपी असद के मुठभेड़ में मारे जाने की पूरी कार्रवाई में डीसीपी सिटी की निगरानी महत्वपूर्ण रही। इस अभियान में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी खोड़ा नरेश शर्मा, चौकी प्रभारी मनोज बालियान समेत पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और जवानों ने भी अहम भूमिका निभाई। तो इससे पहले एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, क्राइम ब्रांच स्वाट प्रभारी अनिल राजपूत, एसीपी क्राइम अमित सक्सेना, इंस्पेक्टर कुलदीप दीक्षित, दरोगा पूरन सिंह, मानवेंद्र व संदीप मलिक से लेकर कई अन्य पुलिसकर्मियों के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैये के कारण धवल जायसवाल आज पुलिस कमिश्नरेट की कार्यकुशल छवि के प्रमुख चेहरों में गिने जा रहे हैं।

# दोषियों को बख्शा न जाए, लेकिन नरेटिव बनाकर कार्रवाई न हो : फैसल हुसैन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने सूर्या हत्याकांड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मामले में जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है,



जहां प्रत्येक व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अपना पक्ष रखने का अधिकार है। ऐसे में किसी भी मामले को राजनीतिक रंग देने या पूर्व निर्धारित नरेटिव बनाकर कार्रवाई को प्रभावित करने का प्रयास नहीं होना चाहिए। फैसल हुसैन ने कहा कि पुलिस और जांच एजेंसियों को निष्पक्ष रूप से अपना काम करने दिया जाना चाहिए। किसी घटना के संबंध में तथ्यों के सामने आने से पहले निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि न्याय और कानून के शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए तथा जांच पूरी होने के बाद ही किसी व्यक्ति की भूमिका पर अंतिम राय बनानी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सूर्य हत्याकांड की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगी तथा दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिलेगी।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में चली 'तबादला एक्सप्रेस'
## बड़े स्तर पर थाना प्रभारियों के हुए ट्रांसफर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने और जनहित को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने कई थाना प्रभारियों एवं निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी आदेश के अनुसार तत्काल प्रभाव से छह अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।




तबादला सूची के अनुसार साहिबाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह को अब लोनी थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं इंदिरापुरम थाना प्रभारी रवेंद्र गौतम को साहिबाबाद थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मसूरी थाना प्रभारी अजय कुमार को इंदिरापुरम थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइंस में तैनात निरीक्षक हरेंद्र मलिक को मसूरी थाना प्रभारी बनाया गया है। निवाड़ी थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार मौर्य का तबादला मुरादनगर थानाध्यक्ष के पद पर किया गया है, जबकि मुरादनगर थानाध्यक्ष अंकित कुमार को निवाड़ी थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों को गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रमुख बदलाव

*योगेंद्र कुमार सिंह* : साहिबाबाद लोनी, *रवेंद्र गौतम* : इंदिरापुरम साहिबाबाद, *अजय कुमार* : मसूरी इंदिरापुरम, *हरेंद्र मलिक* : पुलिस लाइंस मसूरी, *कृष्ण कुमार मौर्य* : निवाड़ी मुरादनगर, *अंकित कुमार* : मुरादनगर निवाड़ी।

# 15 लाख हो गये खर्च, मगर छह महीने से नहीं आया पानी
## पार्षद ने कहा, तीन महीने से परेशान, जेई बोले 24 घंटे में आ जाएगा पानी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनता के चुने हुए पार्षद इन दिनों जनता की समस्याओं के समाधान के लिये सरकारी तंत्र से टकरा रहे हैं। आलम ये है कि सरकार का पैसा खर्च हो रहा है और जनता को सुविधा नहीं मिल रही। जनप्रतिनिधि समाधान के लिये चक्कर काट रहे हैं। ये मामला निगम पार्षद कुसुम गोयल के वार्ड का है। बताया जाता है कि यहां पेयजल सुविधा के लिये पाइपलाइन का काम कराया गया था। इस पाइपलाइन पर सरकार के खजाने से 15 लाख रुपए खर्च हुए। 15 लाख खर्च होने के बाद जब पानी नहीं आया तो जनता ने स्थानीय पार्षद पर दबाव बनाया। पार्षद ने पता किया तो पता चला कि 15 लाख खर्च होने के बाद भी छह महीने से पानी इसलिये नहीं आ रहा है कि क्योंकि पाइपलाइन में प्रेशर नहीं है। 15 लाख खर्च हो गए, छह महीने बीत गए और यहां पर सबसे हैरान करने वाला पहलू ये है कि सरकार वाले दल की पार्षद तीन महीने से प्रेशर बना रही है कि काम हो जाए, लेकिन उनका प्रेशर किसी काम नहीं आया है। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मामले में स्थानीय पार्षद कुसुम गोयल से बात की तो उन्होंने कहा कि वह तीन महीने से प्रयास कर रही हैं। बोर्ड बैठकों में बात को उठा चुकी हैं, पाइपलाइन में पानी नहीं आ रहा है। पार्षद का प्रेशर काम नहीं कर रहा, लेकिन जेई के एक्शन में कितना करंट है इसका भी पता चल जायेगा। दैनिक करंट केइाम ने जब पाइपलाइन में पानी के प्रेशर को लेकर अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर से बात की तो उन्होंने कहा कि 24 घंटे के




पाइपलाइन का काम हो जाएगा, पानी का प्रेशर आ जाएगा। सवाल पानी का नहीं है सवाल ये है कि सरकार का पानी प्रेशर किसका मान रहा है। सरका वाले दल की पार्षद तीन महीने से प्रयास कर रही हैं और उन्हें नहीं पता कि समस्या का समाधान कब होगा। अवर अभियंता पूरी तरह से कंफर्म है कि 24 घंटे के भीतर काम हो जाएगा। पानी की ये कहानी बता रही है कि पार्षदों की स्थिति वार्ड में कैसी है। वो समाधान के लिये भी सरकारी चौखटों पर घमासान कर रहे हैं। उन्हें पता ही नहीं क पानी किसका प्रेशर मान रहा है।

# करंट क्राइम में छपी जब भगवा पानी के महाभारत की कहानी
## लग गया पंप और शुरू हो गई पानी की रवानी



दो भगवा पार्षदों के बीच पानी की लड़ाई की ऐसी कहानी
एक ने कहा मिलेगा जल, दूसरे ने कहा नहीं आने दूंगा ऐसे तो पानी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने खबर प्रकाशित की थी और बताया था कि किस तरह से एक वार्ड में पानी को लेकर दो पार्षदों के उलझने की कहानी हो गई। दस हॉर्स पावर का ये पंप लगना था और इससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलनी थी। भाजपा के दो पार्षद यहां इस पानी को लेकर उलझ गये। निगम वालों ने दस फुट गहरा गड्ढा भी कर दिया, सामान भी आ गया , मोटर भी आ गई लेकिन यहां दो पार्षद आमने-सामने आ गए। दोनों ही पार्षद भाजपा के थे। एक पार्षद ने कहा पानी बहुत जरूरी है और दूसरे ने कहा कि यहां दस एचपी का पंप नहीं लगेगा। पूरा मोहल्ला इस तमाशे को देख रहा था। नगर निगम के कर्मचारी इस पानी की महाभारत के आई विटनेस थे। बताते हैं कि कहानी में मोड़ तब आया जब निगम वाले पार्षद ने निगम की किसी बड़ी ताकत को फोन मिला दिया। अब फोन के बाद तुरंत ही निगम वालों के फोन पर फोन आ गया। सूत्र बताते हैं कि उधर से ये निर्देश थे कि पहले रखा हुआ पंप दिखाओ फिर काम बंद करके पंप को वापस ले जाते हुए का वीडियो भेजो। कुल मिलाकर भगवा पानी की कहानी में दस एपची के पंप की रवानी की बात आ गई। एक पार्षद को इतना बैकअप मिला कि सामाने ही बैकअप हो गया।

दैनिक करंट क्राइम ने इस पूरे पनिया महाभारत को प्रकाशित किया था और पानी की इस कहानी में करंट खबर के प्रकाशित होते ही आ गया। वापस रामजी के मोहल्ले में काम शुरू हो गया। निगम वाले पार्षद को भी बैक टू के निर्देश मिले। क्रांतिकारी पार्षद भी खुश हैं। राम के मोहल्ले वाले भी खुश हैं। पानी की रवानी शुरू हो गई है।

अब दस एचपी वाला पंप बोरिंग लगने का काम शुरू हो गया है। मोहल्ले वाले खुश हैं और वैसे वो पूछ भी रहे हैं कि क्यों लगा, क्यों हटा और फिर से क्यों लगा। अब मोहल्ले वालों को क्या पता कि लड़ाई में दोनों तरफ फूल वाले हैं और इसे रुकवाने में भी फूल वालों का रोल है और इसे लगवाने में भी फूल वालों ही रोल है। बहरहाल जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी। बोरिंग का काम पूरा होने पर पता चलेगा कि उद्घाटन वाले ना रियल में फोटोफ्रेम में कौन-कौन आता है।

# अजय शर्मा का संघर्षशील चेहरा फिर आया सामने
## खोड़ा हत्याकांड में आठ घंटे तक पीड़ित परिवार के साथ डटे रहे

**जिम्मेदारी**

**अजय शर्मा ने अधिकारियों से लेकर संगठन नेतृत्व तक पहुंचाई बात**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा में हिंदू युवक सूर्या की हत्या के बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश संयोजक अजय शर्मा एक बार फिर अपने पुराने संघर्षशील अंदाज में नजर आए। घटना की जानकारी मिलते ही अजय शर्मा अपनी टीम के साथ खोड़ा पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने मृतक सूर्या की माता सरोज को भरोसा दिलाया कि योगी सरकार में उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा। अजय शर्मा करीब आठ घंटे तक पीड़ित परिवार के साथ मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ और डीसीपी सिटी धवल जायसवाल से वार्ता कर मामले में तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय अध्यक्ष को भी घटना की जानकारी देकर इसकी गंभीरता से अवगत कराया।

### पीड़ित परिवार के साथ खड़े दिखे अजय शर्मा



करंट क्राइम। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के शुरूआती समय में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी कम दिखाई दी, लेकिन अजय शर्मा मौके पर पहुंचकर लगातार परिवार के साथ खड़े रहे। उन्होंने परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी।

### साहिबाबाद विधानसभा से जोड़कर देखी जा रही सक्रियता

करंट क्राइम। राजनीतिक गलियारों में अजय शर्मा की सक्रियता को साहिबाबाद विधानसभा की राजनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हालांकि समर्थकों का कहना है कि अजय शर्मा हमेशा जनसरोकार के मुद्दों पर मुखर रहे हैं और खोड़ा हत्याकांड में उनकी सक्रियता भी उसी संघर्षशील कार्यशैली का हिस्सा है। उधर, मामले में त्वरित कार्रवाई को लेकर गाजियाबाद पुलिस की भी सराहना हो रही है। मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर के बाद लोगों का कहना है कि पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए तेजी से कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

# जनप्रतिनिधि की शक्ति से अधिक महत्वपूर्ण उसकी नीयत और विश्वसनीयता होती है: बालेश्वर त्यागी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जो लोग जनप्रतिनिधि नहीं हैं उन्हें कई बार जन प्रतिनिधियों की कठिनाइयों का पता नहीं होता और वे अपने मन की धारणा के आधार पर बात करने लगते हैं। उनको वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। कब्र का हाल मुर्दा ही जानता है, यह ख्वाती इसी लिए बनी है। विधायक को मुख्य मंत्री से मिलने के लिए कई बार तो कई दिन तक समय नहीं मिलता और कई बार मुख्य मंत्री उस काम को करने के आदेश नहीं देते। कोई मंत्री तब तक मंत्री होता है जब तक मुख्य मंत्री उससे खुश है। मुख्य मंत्री जब चाहे मंत्री को बर्खास्त कर देता है। मंत्री पर तो चार्ज में देने को कुछ भी नहीं होता।

मैं आपके साथ दो घटनाएं साझा करता हूं। जब मैं गृह राज्य मंत्री था और गाजियाबाद अपने घर पर था। समाज के दस बारह लोगों का एक ग्रुप आया और कहा कि अमुक लड़के को पुलिस ने पकड़ लिया है,उसे छुड़वाओ। मैने एसएसपी को फोन किया। शैलजाकांत मिश्रा एसएसपी थे। उन्होंने मुझे बताया कि उन दिनों एक बच्चे का अपहरण हुआ था, जिस बच्चे का अपहरण हुआ है उसे अपहरण करके जिस कार से ले जाया गया था। उस कार को ये व्यक्ति चला रहा था। एसएसपी ने कहा कि मैं ये मानने को तैयार नहीं हूं कि इसे ये पता न हो कि इस बच्चे का अपहरण किया गया है। मैं एसएसपी के मत से सहमत था। मैने उनसे कहा कि मैं इस मामले में कोई सहायता नहीं करूंगा। वे नाराज हो गए। मेरे घर पर ही मेरे विरुद्ध नारे लगाए और देख लेने की धमकी देकर चले गए।

जब मैं गृहराज्य मंत्री था, तो एक दिन गाजियाबाद में ही ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण पर था। कविनगर थाने से वायरलेस पर मैसेज मिला कि मुख्य मंत्री जी तत्काल बात करना चाहते हैं,वे दिल्ली यूपी सदन में हैं, बात करें। मैं वहां से तुरंत घर आया और मुख्य मंत्री जी को फोन किया। उन्होंने कहा कि तुरंत दिल्ली आओ। फिर पूछा खाना खा लिया, मैने कहा कि अभी खाऊंगा। उन्होंने कहा कोई नहीं खाना यही खा लेना। बिना किसी देरी के यूपी सदन पहुंचो। मैं यूपी सदन पहुंचा तो देखा कि मुख्यमंत्री जी के साथ आरएसएस के एक बड़े पदाधिकारी बैठे हैं। मुझे अहसास हुआ कि कोई जरूर गम्भीर बात है। मुख्य मंत्री जी ने उनसे पूछा कि अब बताओ क्या बात है ? उन संघ के पदाधिकारी जी ने कहा कि गाजियाबाद में कई लोगों की शिकायत है कि बालेश्वर त्यागी का रिश्तेदार वकील फिरौती कराता है। कल्याण सिंह जी मुख्य मंत्री थे, उन्होंने पूछा कि बालेश्वर जी आपको इस पर क्या कहना है ?

मैने कहा कि पहले तो मेरा कोई रिश्तेदार गाजियाबाद कचहरी में वकील नहीं है। दूसरे हमारी बिरादरी इतनी छोटी है कि अगर कोई ढूंढने की कोशिश करोगे तो कहीं न कहीं से कोई न कोई रिश्तेदारी निकाली जा सकती है। तीसरे अगर कोई ऐसा कर रहा है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कराओ। चौथी बात आप मुख्य मंत्री हो अभी एसएसपी से पूछ लो कि क्या कभी मैंने किसी अपराधी की कोई सिफारिश की है। मुख्य मंत्री मेरी बात से संतुष्ट हो गए और मुझे कहा कि प्रशासन को आपकी ओर से अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का ही संदेश जाना चाहिए। अगर मुख्य मंत्री जी मेरी बात से संतुष्ट न होते तो मैं तो उसी दिन बर्खास्त हो जाता।

## संपादकीय

### एनटीए की बड़ी नाकामी

नीट प्रकरण की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह बिल्कुल सही कहा कि इस परीक्षा के पेपर लीक होने पर जवाबदेही तय हो। यदि ऐसा नहीं होता तो यह दुर्भाग्यपूर्ण ही होगा, क्योंकि नीट के पेपर लीक होने के कारण 22 लाख से अधिक छात्र दोबारा परीक्षा देने के लिए विवश हैं। पेपर लीक के कारण छात्रों को परेशानी उठाने के साथ ही उनके भरोसे को भी ठेस पहुंची है।

इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्रालय भी सवालों के घेरे में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संघ लोक सेवा आयोग अर्थात यूपीएससी से सीख लेने को भी कहा। कायदे से तो इस नसीहत की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए थी। एनटीए को तो यह सीख स्वतः लेनी चाहिए थी और शिक्षा मंत्रालय को देखना चाहिए था कि ऐसा हो। आखिर इस एजेंसी का गठन ही इसलिए किया गया था, ताकि वह नीर-क्षीर ढंग से परीक्षाएं आयोजित करा सके। यह शर्मनाक है कि इस मामले में एनटीए का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा। यह एक तथ्य है कि पहले भी नीट के आयोजन में गड़बड़ी हो चुकी है और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। यह निराशाजनक है कि एनटीए के कामकाज में सुधार के लिए गठित राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू नहीं किया गया। शायद इसी का दुष्परिणाम रहा कि नीट के पेपर लीक हो गए।

आखिर जब राधाकृष्णन समिति ने अक्टूबर 2024 में ही अपनी सिफारिशें सौंप दी थीं तो उन सभी पर द्रुत गति से अमल क्यों नहीं किया गया? इस समिति ने यह पाया था कि एनटीए अपने तमाम काम आउटसोर्स करती है और उसके अधिकांश कर्मचारी संविदा पर हैं। उसने कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं कराने को भी कहा था। समझना कठिन है कि इस स्थिति को बदला क्यों नहीं जा सका?

आखिर ऐसी किसी संस्था के गठन का क्या औचित्य, जो अपना काम अपने स्तर पर करने में सक्षम न हो? एनटीए को नीट जैसी परीक्षाएं कराने के लिए अपना तंत्र उसी तरह विकसित करना चाहिए था, जैसे रेल मंत्रालय के आरआईटीईएस यानी राइट्स ने, शहरी विकास मंत्रालय के एनबीसीसी ने, रिजर्व बैंक एवं भारतीय बैंक संघ के तहत एनपीसीआई ने या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने किया है।

आज के युग में कोई भी संस्था हो, उसका हर तरीके से दक्ष होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। सभी संस्थाओं और खासकर एनटीए को तो आधुनिक तकनीक से भी लैस होना चाहिए था और इसमें उसकी मदद के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आगे आना चाहिए था। एनटीए की नाकामी जवाबदेही के अभाव के साथ ही सरकारी तंत्र के कामकाज रवैए को ही दर्शाती है।

# टॉप-10 कंपनियों में से सात का मार्केट कैप 1.54 लाख करोड़ रुपये घटा, रिलायंस को सबसे बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बीते सप्ताह कमजोरी का असर देश की कई बड़ी सूचीबद्ध कंपनियों के मार्केट कैप पर देखने को मिला। शीर्ष 10 कंपनियों में से अधिकांश के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक झटका लगा, जबकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी कुछ कंपनियों ने बढ़त हासिल की। शेयर बाजार में कमजोर रुख के बीच पिछले सप्ताह देश की टॉप 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से सात की मार्केट कैप में 1.54 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। छुट्टियों के कारण छोटे रहे कारोबारी सप्ताह में बीएसई का सेंसेक्स 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरा। वहीं एनएसई का निफ्टी-50 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत नीचे रहा।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में गिरावट आई है। दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीव बीमा निगम के मार्केट कैप में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 13,169.46 करोड़ रुपये घटकर 5,04,210.54 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 7,253.24 करोड़ रुपये घटकर 5,63,262.33 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 6,311.41 करोड़ रुपये घटकर 9,00,589.91 करोड़ रुपये रह गया।

### इन कंपनियों का बढ़ गया मार्केट कैप

वहीं, लार्सन एंड टुब्रो का मार्केट कैप 20,608.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,836.64 करोड़ रुपये हो गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 13,753.62 करोड़ रुपये बढ़कर 8,89,831.54 करोड़ रुपये और एलआईसी का मार्केट कैप 6,040.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,20,484.06 करोड़ रुपये हो गया। सप्ताह के अंत में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### रिलायंस को लगा सबसे ज्यादा झटका

रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 46,078.3 करोड़ रुपये घटकर 17,87,039.40 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 33,333.06 करोड़ रुपये घटकर 11,46,641.84 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मार्केट कैप 25,408.96 करोड़ रुपये घटकर 11,14,886.53 करोड़ रुपये रह गया। वहीं, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 22,920.58 करोड़ रुपये घटकर 8,15,480.75 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# 'पश्चिम एशिया संकट नहीं, निजी निवेश की कमी' भारतीय अर्थव्यवस्था पर बोले सुरजीत भल्ला

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर मशहूर अर्थशास्त्री और लेखक सुरजीत भल्ला ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक रफ्तार धीमी होने की असली वजह पश्चिम एशिया का संकट नहीं, बल्कि देश में निजी निवेश की कमजोरी है। भल्ला के मुताबिक कुछ महीने पहले भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ ने यह तस्वीर बनाई कि अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन असल समस्या निजी क्षेत्र के निवेश में गिरावट थी।



सुरजीत भल्ला ने कहा कि छह से आठ महीने पहले भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर काफी सकारात्मक माहौल था। जीडीपी ग्रोथ अच्छी थी और महंगाई भी नियंत्रण में थी। लेकिन उन्होंने कहा कि उस समय भी निजी निवेश कमजोर था। उनका कहना है कि सरकार के खर्च और निवेश की वजह से अर्थव्यवस्था मजबूत दिख रही थी, जबकि निजी कंपनियां निवेश बढ़ाने से बच रही थीं।

सुरजीत भल्ला ने कहा कि सरकार के निवेश से अर्थव्यवस्था को सहारा जरूर मिला, लेकिन यह निजी निवेश जितना प्रभावी नहीं होता। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और खर्च ज्यादा होता है। ऐसे में सरकार के खर्च से उतना फायदा नहीं मिलता जितना निजी क्षेत्र के निवेश से मिलता है। भल्ला के मुताबिक लंबे समय तक केवल सरकारी निवेश के भरोसे तेज आर्थिक विकास हासिल नहीं किया जा सकता। निजी निवेश में गिरावट की वजह बताई सुरजीत भल्ला ने कहा कि निजी कंपनियां वहीं निवेश करती हैं।

### पश्चिम एशिया संकट को लेकर बोले भल्ला

भल्ला ने साफ कहा कि फरवरी 2026 के बाद बढ़े पश्चिम एशिया संकट को भारत की आर्थिक सुस्ती की मुख्य वजह नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि उनका आर्थिक विश्लेषण जनवरी 2026 से पहले के आंकड़ों पर आधारित है। इसलिए पश्चिम एशिया में तनाव का उनकी राय से सीधा संबंध नहीं है। हालांकि उन्होंने माना कि इस संकट का असर दुनिया के हर देश पर पड़ा है, लेकिन भारत की मुख्य समस्या घरेलू निवेश से जुड़ी हुई है।

# सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर घटाया निर्यात शुल्क, आज से नई दर लागू होगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल के निर्यात पर लागू विंडफॉल टैक्स में राहत देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक जून से लागू होगा। सरकार का कहना है कि घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से पहले लगाए गए शुल्क की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है।




केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क यानी विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। नई दरें एक जून से प्रभावी होंगी। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स को आधा कर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं डीजल पर यह कर घटाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 9.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर सड़क एवं अवसंरचना उपकर (रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सेस) शून्य रहेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू खपत के लिए निकाले जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इसके बाद 30 अप्रैल की समीक्षा में इन्हें घटाकर 23 रुपये और 33 रुपये प्रति लीटर किया गया। 16 मई को शुल्क और कम कर क्रमशः 16.5 रुपये और 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। सरकार ने पश्चिम एशिया में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच देश में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह विंडफॉल टैक्स लगाया था।

### इसी महीने बढ़ाया था विंडफॉल टैक्स

पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) 16 मई को 3 रुपये प्रति लीटर लगाया गया था। पखवाड़ा समीक्षा के बाद इसे 1 जून से घटाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। डीजल के निर्यात पर शुल्क 16.5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 13.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह एटीएफ पर शुल्क 16 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 9.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार ने 26 मार्च को डीजल के निर्यात पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर निर्यात शुल्क लगाया था। 11 अप्रैल की समीक्षा में इन्हें बढ़ाकर क्रमशः 55.5 रुपये और 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था।

# अमेरिकी कानूनी विवाद पीछे छूटे, अब नई रफ्तार से विकास करेगा अदाणी समूह : गौतम अदाणी

**कानूनी विवादों से आगे बढ़ा अदाणी समूह, अब इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई पर बड़ा दांव**



**नई दिल्ली।** अरबपति उद्योगपति और अदाणी ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि अमेरिका में अदाणी समूह से जुड़े कानूनी मामलों का अध्याय अब पीछे छूट चुका है। समूह अब अपनी अगली विकास यात्रा पर पूरी मजबूती के साथ फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह अब ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में निवेश को तेज करने पर काम कर रहा है। गौतम अदाणी ने कहा कि समूह के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती पूंजी जुटाना नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती बुनियादी ढांचा और ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए परियोजनाओं को तेजी से लागू करना है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्तार के साथ बिजली की खपत बढ़ाने वाले डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी इंटरप्राइजेज के 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू को निवेशकों के भरोसे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह उस समय हुआ जब समूह को कॉरपोरेट गवर्नेंस और नियामकीय मुद्दों को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा, यह ऐसा वर्ष था, जब दुनिया और अधिक विभाजित और जटिल होती जा रही थी। ऊर्जा सुरक्षा फिर से राष्ट्रीय रणनीति के केंद्र में आ गई थी और तकनीक किसी भी देश की संप्रभुता से सीधे जुड़ गई थी।

उन्होंने आगे कहा कि जब दूसरे लोग बहस कर रहे थे, तब अदाणी समूह निर्माण और विकास के काम में जुटा रहा तथा ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, यूटिलिटीज और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्रों में दुनिया के सबसे एकीकृत इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाता रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पादने से शरीर का ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता हैं।
- काले रंग के लोगो को कम दिल का दौरा पड़ता हैं।
- आप चौंक जायेंगे जब आप देखेंगे कि कोका कोला का इस्तेमाल टायलेट धोने में भी किया जा सकता है।
- आपके पेट में एक दुसरा दिमाग होता है जिसे एनट्रेरिक नर्वस सिस्टम कहते हैं। इसी से अंग्रेजी में अक्सर कही जाने वाली लाइन गट फीलिंग आती है।
- महिलाएं सामान्य तौर पर ऐसे सवाल पुछती हैं जिनके जवाब उन्हें पहले से पता होते हैं, इसलिये बेहतर होगा कि आप सच ही कह दें।
- ज्यादा सोचना एक किस्म की निराशा की तरफ बढता है और आप खुद को सामाजिक और भावनात्मक तौर पर अकेला पाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया की खोज जेम्स कुक ने की थी।
- आप जिस लिफ्ट में हैं और वो नीचे गिर रही है तो आप लिफ्ट के बीच में लेटकर खुद को बचाएं।
- जब आप झूठ बोलते है आपकी नाक गर्म हो जाती है।
- अगर आप किसी को पहले से संदेश भेजते हैं तो 90 प्रतिशत संभावना है कि वो इंसान आप में रुचि नहीं रखता है।

## राशिफल

**मेष:** इस समय बेहतरीन ग्रह स्थिति बनी हुई है। कोई पॉलिसी अथवा व्यवसाय निवेश करने के लिए अनुकूल समय है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

**वृष:** घर में किसी नजदीकी संबंधी के आगमन से खुशनुमा माहौल रहेगा। उपहारों का आदान-प्रदान भी रहेगा।

**मिथुन:** घर परिवार में कुछ योजनाओं को लेकर आपसी विचार-विमर्श होगा और बेहतरीन हल भी निकलेगा।

**कर्क:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका कोई खास कार्य बन सकता है। परिवार के साथ खुशी से दिन बीतेगा।

**सिंह:** संतान को कोई उपलब्धि मिलने से घर में खुशनुमा माहौल रहेगा। किसी सम्मेलन या समारोह में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सम्मान के साथ आपकी आवभगत भी रहेगी।

**कन्या:** बच्चों के साथ धैर्य रखते हुए व्यवहार करें, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और आपका मान-सम्मान भी करेंगे।

**तुला:** अपनी योजनाओं और इच्छाओं को मूर्तरूप देने का उत्तम समय है। इस समय का उचित सदुपयोग करें। आप में हर कार्य को लगन से करने की ललक रहेगी।

**वृश्चिक:** दिन की शुरूआत किसी अच्छी खबर से होगी। आज परिस्थितियों में सकारात्मक बदलाव तथा कई अवसर सुलभ होंगे।

**धनु:** न्आज सुखद अनुभव व्यतीत होगा। धन लाभ की स्थिति बन रही है। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई महत्वपूर्ण काम संभव हो सकता है।

**मकर:** आज किसी अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन में आपका खास कार्य संपन्न हो सकता है। रूपए-पैसे से संबंधित भी कुछ गतिविधियां रहेंगी।

**कुंभ:** समय कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा। रुकावटों के बावजूद आप महत्वपूर्ण कामों को निपटाने में सक्षम रहेंगे।

**मीन:** इस समय बेहतरीन ग्रह स्थिति बनी हुई है। अगर मन में कोई दुविधा है तो उसे किसी नजदीकी मित्र से अवश्य शेयर करें। निश्चित ही आपको समाधान मिलेगा।

## चुटकुले

पत्नी बोली, मेरी कौन सी आदत सबसे अच्छी लगती है? पति बोला, नाराज होने से पहले जो तुम 10 सेकंड सोचती हो, वही मेरे जीवन के सबसे खूबसूरत 10 सेकंड होते हैं।

-------------------------------

पप्पू ने दोस्त से कहा, यार, मैं इतना आलसी हूँ कि सुबह अलार्म बजता है तो बंद भी नहीं करता। दोस्त बोला, फिर? पप्पू बोला, उसे बजने देता हूँ ताकि मुझे उठकर बंद न करना पड़े।

-------------------------------

डॉक्टर बोला, आपको तनाव कम करना होगा। मरीज बोला, डॉक्टर साहब, तनाव तो कम हो जाएगा, बस ये एटकवाले मेरा पीछा छोड़ दें।

-------------------------------

पत्नी बोली, अगर मैं अचानक गायब हो जाऊँ तो क्या करोगे? पति बोला, पहले पूरे घर में ढूँढूँगा, फिर खुशी के मारे बेहोश हो जाऊँगा।

-------------------------------

टीचर ने पूछा, ईमानदारी का सबसे बड़ा उदाहरण क्या है? पप्पू बोला, मैडम, मोबाइल में 2% बैटरी होने पर भी उसे 20 मिनट चलाने की कोशिश करना।

-------------------------------

दोस्त बोला, यार, तेरी शादी के बाद क्या बदला? दूसरा बोला, पहले मैं घर का राजा था, अब लोकतंत्र आ गया है और सारी ताकत प्रधानमंत्री के पास है।

-------------------------------

पापा बोले, बेटा, जीवन में कुछ बड़ा करना। बेटा बोला, पापा, मैंने तो बड़ा सोच लिया है, अब बस करने का मन नहीं कर रहा।

## 01 06 2026 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**




दिनेश कार्तिक
क्रिकेटर


# आज के जन्मदिन


कीरत भारद्वाज


मोजामिल खान


दिनेश सिंघल


राशिद मलिक


योगेश त्रिपाठी


दीपक सेन


चौधरी त्रिलोक सिंह



बब्बर सिंह चौहान


अंकुर गोयल


फरमान अली (पत्रकार)


आरिफ राजपूत


अभिषेक कटारिया



अशोक ऋषि



नरेंद्र बधान


प्रमोद शर्मा


संजय कुमार वर्मा


विमल सरकार


टीटू भारत


जसवीर फौजी


महेश यादव


आशीष अग्निहोत्री


प्रमोद चौधरी


सचिन त्यागी


विपिन त्यागी


शिव कुमार शर्मा


तुषार त्यागी


विक्की


अतुल भारद्वाज


देवी सिंह


निसार अहमद


एस के माहेश्वरी


गंगाशरण बब्लू | अंकुर गोयल | आजाद वर्मा | देवी सिंह शरण | सतपाल यादव | विजय

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# कोको गॉफ का अभियान समाप्त, नाओमी ओसाका अगले दौर में

## डायने पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को हराया

### जुआन का अगला मुकाबला 2021 में विंबलडन के फाइनलिस्ट रहे माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्हें फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (3), 5-7, 6-7 (4), 6-4, 7-6 (13) से हराने में पांच घंटे, 13 मिनट लगे





**पेरिस।** जुआन मैनुअल ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को हराने के बाद फिर से पांच सेट की जीत दर्ज की। उन्होंने मार्टिन लैंडालुस को पांच घंटे, 58 मिनट में 6-4, 6-7 (7), 7-6 (4), 6-7 (4), 7-6 (8) से हराया।

मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ का फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में खिताब का बचाव करने का सफर तीसरे दौर में ही थम गया लेकिन नाओमी ओसाका ने अपना शानदार अभियान जारी रखा। गॉफ को इस मैच में एक ऐसी खिलाड़ी ने पराजित किया जिसने लंबी बेसलाइन रैलियों और कोर्ट कवरेज में इस अमेरिकी खिलाड़ी का डटकर मुकाबला किया। यह खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा थीं, जिन्होंने शनिवार को तीसरे दौर में गॉफ पर 4-6, 7-6 (1), 6-4 से जीत हासिल की। इससे पहले ओसाका ने अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में लगभग तीन घंटे में 18 वर्षीय अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी इवा जोविक को 7-6 (5), 6-7 (3), 6-4 से हराया। ओसाका का अगला मुकाबला नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका से होगा जिन्होंने डारिया कसाटकिना को 6-0, 7-5 से हराया।

वहीं, फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेर का दौर जारी है। फ्रांस की डायने पैरी ने शनिवार को छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में जगह बनाई। इस साल के फ्रेंच ओपन से पहले पैरी पांच बार ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में पहुंची थीं, लेकिन कभी भी अंतिम-16 में जगह नहीं बना पाई थीं। शनिवार को कोर्ट फिलिप-शैट्रिए पर पेरिस की शोरगुल भरी भीड़ के सामने खेलते हुए पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को दो घंटे 44 मिनट तक चले तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराया।

पुरुष वर्ग में अलेजांद्रो तबिलो ने 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी मोइसे कौमे को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 (9) से पराजित किया। उनका सामना अब फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे से होगा, जिन्होंने अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशीमा को 5-7, 6-1, 7-6 (4), 7-6 (1) से हराया। वहीं जैकरी स्वाजदा ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को एक रोमांचक पांच-सेट के मुकाबले में 6-3, 6-4, 3-6, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी। इसी के साथ एटीपी रैंकिंग में 85वें नंबर के खिलाड़ी ने पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के चौथे राउंड में जगह बनाई।

इसके अलावा जुआन मैनुअल ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को हराने के बाद फिर से पांच सेट की जीत दर्ज की। उन्होंने मार्टिन लैंडालुस को पांच घंटे, 58 मिनट में 6-4, 6-7 (7), 7-6 (4), 6-7 (4), 7-6 (8) से हराया। जुआन का अगला मुकाबला 2021 में विंबलडन के फाइनलिस्ट रहे माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्हें फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (3), 5-7, 6-7 (4), 6-4, 7-6 (13) से हराने में पांच घंटे, 13 मिनट लगे। फ्लेवियो कोबोली ने लर्नर टिएन को 6-2, 6-2, 6-3 से हराया और अब उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी स्वाज्दा से होगा अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने पुर्तगाल के क्वालीफायर जैमे फारिया को 4-6, 6-7 (2), 7-6 (4), 6-1, 6-2 से हराया। अब उनका अगला मुकाबला मैटियो अर्नाल्डी से होगा।

## मनु भाकर और सम्राट राणा ने जीता रजत



**म्यूनिख।** आईएसएसएफ विश्व कप में मनु भाकर और सम्राट राणा की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत ने कुल दो स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ पदक तालिका में चीन के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सम्राट राणा की जोड़ी ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय जोड़ी को चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन याओ कियानशुन और हू काई ने बेहद करीबी मुकाबले में मात्र 0.3 अंक के अंतर से हराया। इस रजत पदक के साथ भारत ने प्रतियोगिता का समापन दो स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ किया और पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

**फाइनल में रोमांचक मुकाबला**

फाइनल की शुरूआत भारतीय जोड़ी के लिए धीमी रही। पहले पांच-पांच शॉट्स की सीरीज के बाद भारत 100.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर था। सम्राट ने 51.0 और मनु ने 49.0 अंक बनाए। दूसरी सीरीज में मनु ने शानदार वापसी करते हुए 51.5 अंक जुटाए, जबकि सम्राट ने 49.9 अंक हासिल किए। इसके बाद भारतीय जोड़ी दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तीसरी सीरीज के बाद भारत ने चीन से अंतर घटाकर सिर्फ 0.1 अंक कर दिया। मनु ने 51.8 और सम्राट ने 50.7 अंक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहली एलिमिनेशन सीरीज के बाद भारतीय जोड़ी ने 2.2 अंकों की बढ़त बना ली थी। मनु ने 30.9 और सम्राट ने 30.5 अंक हासिल किए, जबकि चीनी जोड़ी दबाव में दिखाई दी।

# क्या गत विजेता आरसीबी कर पाएगी खिताब का बचाव? गुजरात के गढ़ में पेश करनी होगी चुनौती

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 का रोमांच अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। 70 लीग मुकाबलों, एलिमिनेटर और दो क्वालिफायर मैचों के बाद अब फाइनल में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के बीच यह महामुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जहां आरसीबी की नजर अपने खिताब का सफल बचाव करने पर होगी, वहीं गुजरात 2022 दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आईपीएल के 19वें संस्करण का कारवां अपने मुकाम तक पहुंच चुका है। रविवार को इस टूनामेंट का फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी की नजरें जहां खिताब बचाने पर होंगी, वहीं गुजरात साल 2022 के बाद दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम करने उतरेगी।

**हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आरसीबी को मामूली बढ़तः** आईपीएल इतिहास में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल नौ मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से पांच मैच आरसीबी ने जीते हैं, जबकि चार मुकाबलों में गुजरात को सफलता मिली है। आंकड़े बताते हैं कि दोनों टीमों के बीच हमेशा कड़ी टक्कर देखने को मिली है।



### घरेलू मैदान पर गुजरात को मिल सकता है फायदा

गुजरात टाइटंस फाइनल अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेगी, जिसका लाभ टीम को मिल सकता है। उस मुकाबले में शुभमन गिल ने 53 गेंदों पर शानदार 104 रन बनाए थे, जबकि साई सुदर्शन ने 32 गेंदों में 58 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। दोनों बल्लेबाजों की फॉर्म गुजरात के लिए बड़ी ताकत साबित हो सकती है।

### पहले क्वालिफायर में आरसीबी ने दिखाई थी ताकत

फाइनल से पहले खेले गए पहले क्वालिफायर में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को एकतरफा अंदाज में हराया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए थे। आरसीबी की ओर से कप्तान रजत पाटीदार ने 33 गेंदों में 93 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। वहीं विराट कोहली ने 25 गेंदों में 43 रन और क्रुणाल पांड्या ने 43 रनों का योगदान दिया था। जवाब में गुजरात की टीम 162 रन पर सिमट गई थी। टीम के लिए राहुल तेवतिया ने सर्वाधिक 68 रन बनाए थे। ऐसे में फाइनल में गुजरात के पास उस हार का बदला लेने का सुनहरा मौका होगा।

### अभय और चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश के अगले दौर में

**बर्मिंघम।** अभय सिंह और वीर चोटरानी ने ब्रिटिश ओपन स्क्वाश में शानदार प्रदर्शन किया और दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। वहीं, रमित टंडन और अनाहत सिंह को हार का सामना करना पड़ा।



भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं, लेकिन रमित टंडन और अनाहत सिंह इस पीएसए डायमंड स्तर के टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने कोलंबिया के मैटियस नुडसेन को 11-8, 11-5, 11-4 से, जबकि विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने पाकिस्तान के नूर जमां को 11-8, 12-14, 11-6, 11-7 से हराया।

टंडन फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसोर्ड के खिलाफ मैच के बीच से हट गए। उस समय यह भारतीय खिलाड़ी 14-12, 4-7 से पीछे चल रहा था। महिला वर्ग में विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत मिस्र की विश्व में 36वें नंबर की खिलाड़ी नार्डिन गारास से हार गईं। गारास ने यह मैच 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से जीता।

# सात्विक-चिराग ने खत्म किया खिताबी सूखा, सिंगापुर ओपन के बने विजेता

**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त करते हुए पहली बार सिंगापुर ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया है। सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद सोहिबुल फिकरी को हराया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी ने इस तरह दो साल में अपना पहला और विश्व टूर का कुल नौवां खिताब अपने नाम किया है।

**इंडोनेशियाई जोड़ी को हराया**



**सिंगापुर में पहली बार भारत ने जीता युगल वर्ग का खिताबः** सात्विक-चिराग ने एक घंटा 13 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई जोड़ी को 18-21, 21-17, 21-16 से हराकर अपना तीसरा सुपर 750 खिताब जीता था।

विश्व की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब बेहद खास है क्योंकि वे पहले भारतीय हैं जिन्होंने सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने इससे पहले 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब अपने नाम किया था। हालांकि, आखिरकार सिंगापुर ओपन में जाकर इस जोड़ी ने खिताबी सूखा समाप्त किया।

**इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ बेहतर नहीं था रिकॉर्डः** फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ खेले गए तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना करना पड़ा था। इस प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के खिलाफ उनकी पिछली हार जनवरी में मलयेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हुई थी।

कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद भारतीय जोड़ी ने अपने खेल की गति बढ़ाई और लंबी रैलियों में दबदबा बनाते हुए विश्व नंबर तीन इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ मुकाबले का रुख पलट दिया।

# पेरिस सेंट जर्मेन ने लगातार दूसरी बार जीता चैंपियंस लीग का खिताब, फाइनल में आर्सेनल को शूटआउट में हराया





**पेरिस।** यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। इसके बाद हुए शूटआउट में पीएसजी ने चार गोल किए, जबकि आर्सेनल के एबेरेची एजे और गैब्रियल अपने प्रयासों में चूक गए। गैब्रियल की निर्णायक चूक ने पीएसजी को ट्रॉफी दिला दी।

बुडापेस्ट के पुस्कास एरेना में खेले गए यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार यूरोप का सबसे प्रतिष्ठित क्लब खिताब अपने नाम कर लिया। निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर फाइनल में पहुंची आर्सेनल ने मुकाबले की तेज शुरूआत की। लिआंड्रो ट्रॉसार्ड ने पीएसजी की क्लियरेंस को रोका, जिसके बाद काई हैवट्र्ज.गेंद लेकर आगे बढ़े और कठिन कोण से शानदार फिनिश करते हुए टीम को शुरूआती बढ़त दिला दी।

पहला गोल खाने के बावजूद पीएसजी दबाव में नहीं दिखा और उसने पहले हाफ के अधिकांश समय गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, गैब्रियल और विलियम सलीबा की अगुआई में आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उन्हें साफ मौके नहीं दिए। दूसरी ओर, आर्सेनल के पास बढ़त दोगुनी करने का अवसर भी आया, लेकिन मार्किन्होस ने अंतिम क्षणों में शानदार ब्लॉक कर हैवट्र्ज को दूसरा गोल करने से रोक दिया।

**डेम्बेले ने दिलाई बराबरी**

आर्सेनल पूरे टूनामेंट में मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करता आया था और खिताब जीतने के लिए उसे सिर्फ क्लीन शीट की जरूरत थी।

# फाइनल में आरसीबी के लिए उपलब्ध होंगे सॉल्ट

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 का सीजन अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। लीग चरण और क्वालिफायर मुकाबलों के बाद अब इस सीजन की दो फाइनलिस्ट के बीच रविवार को खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। एक तरफ गत चैंपियन आरसीबी है जो खिताब बचाने के करीब है। वहीं, दूसरी ओर गुजरात है जो अपने होम ग्राउंड पर दूसरी बार विजेता बनना चाहेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम अपने दूसरे खिताब से एक कदम दूर हैं। इन दोनों टीमों ने शुरूआत से लेकर अंत तक शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप चरण के बाद गुजरात और आरसीबी के बीच क्वालिफायर-1 में सामना हुआ था। इस मैच में आरसीबी ने एकतरफा अंदाज में गुजरात को मात दी थी, लेकिन फाइनल मुकाबला एकदम अलग होगा। दोनों ही टीमों पर इस मैच का दबाव होगा, जबकि आरसीबी गुजरात के होम ग्राउंड पर टीम को चुनौती देगी।

## अतिरिक्त बल्लेबाज को मौका दे सकता है गुजरात



### दो टीम, अलग शैली

- आईपीएल 2026 के इस फाइनल मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी।
- आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है।
- वहीं गुजरात ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है।
- कागजों पर मौजूदा चैंपियन आरसीबी को 2022 की विजेता गुजरात के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे टूर्नामेंट में उनका बेखौफ और जोखिम भरा खेल बेहद प्रभावशाली रहा है।

**आरसीबी के लिए कौन करेगा पारी की शुरूआतः** आईपीएल के मौजूदा सीजन में आरसीबी के लिए विराट कोहली के साथ फिल सॉल्ट अधिकतर समय ओपनिंग के लिए उतरे और इनकी जोड़ी हिट भी रही। लेकिन सॉल्ट के चोटिल होने के बाद वेंकटेश अय्यर ने कोहली के साथ साझेदारी जमाई और पिछले कुछ मैचों में वह टीम को मजबूत शुरूआत दिलाने में सफल रहे हैं। अब ये भी देखना होगा कि फाइनल के लिए सॉल्ट उपलब्ध रहते हैं या नहीं। अगर सॉल्ट इस मैच में खेले तो वेंकटेश इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतर सकते हैं।

**भुवनेश्वर-हेजलवुड से रहना होगा सावधानः** आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी इस बार किफायती और प्रभावी रही है, जिसने पावरप्ले में ही विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली इस गेंदबाजी को गुजरात टाइटंस के शानदार लय में चल रहे शीर्ष क्रम के खिलाफ अपने सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करना होगा। भुवनेश्वर और जोश हेजलवुड नई गेंद से प्रभावी रहे हैं और शुरूआत में ही गुजरात को झटके दे सकते हैं। आरसीबी के खिलाफ क्वालिफायर-1 मैच में गुजरात की बल्लेबाजी एकदम बेदम रही थी। टीम ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की। गुजरात की सबसे बड़ी ताकत उसका शीर्ष क्रम है।

### तेज गेंदबाजों की तिकड़ी को दिखाना होगा दम

गुजरात फाइनल में राहुल तेवतिया को इम्पैक्ट प्लेयर के बजाए प्लेइंग-11 में उतार सकता है जिससे उसे एक अतिरिक्त बल्लेबाज मिलेगा। आरसीबी के खिलाफ गुजरात को अपनी गेंदबाजी भी मजबूत रखनी होगी। कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी को भी दमदार प्रदर्शन करना होगा। अगर गुजरात के लिए ये तीन बल्लेबाज फाइनल में चल गए तो आरसीबी के लिए राहें मुश्किल हो सकती हैं। गुजरात टाइटंस भले ही संयमित टीम रही हो, लेकिन इस बार वह आरसीबी की आक्रामकता को रोकने के लिए किसी मौके को हाथ से नहीं जाने देगी। ऐसे में यह फाइनल एक बेहद रोमांचक मुकाबला बनने की पूरी संभावना रखता है।

# ICL से टकराव के बाद कैसे बनी योजनाः साल दर साल चढ़ता गया परवान







**अहमदाबाद।** साल 2007 में बागी आईसीएल का जवाब देने के लिए शुरू हुआ आईपीएल आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर क्रिकेट लीग बन चुका है। फिक्सिंग विवाद और ललित मोदी प्रकरण जैसे कई झटकों के बावजूद इसकी लोकप्रियता और कमाई लगातार बढ़ी है। 10 टीमों की प्रतिस्पर्धा, डब्ल्यूपीएल की सफलता और विदेशी लीगों में भारतीय मालिकों की बढ़ती मौजूदगी ने आईपीएल को वैश्विक क्रिकेट का सबसे प्रभावशाली ब्रांड बना दिया।

भारत में क्रिकेट को लेकर दीवानगी कोई नई बात नहीं है, लेकिन अगर पिछले दो दशकों में किसी एक घटना ने भारतीय क्रिकेट की दिशा और दशा दोनों को सबसे ज्यादा बदला है, तो वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) है। आज आईपीएल सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं, बल्कि खेल, मनोरंजन, प्रसारण, विज्ञापन और निवेश की दुनिया का एक ऐसा मॉडल है, जिसने क्रिकेट को पूरी तरह बदल दिया है। हर साल करोड़ों दर्शक टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसे देखते हैं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेने के लिए अपनी राष्ट्रीय टीमों के कार्यक्रमों तक को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित करते हैं और इसके मीडिया अधिकार करोड़ों में बिकते हैं।

आईपीएल की यह सफलता अचानक नहीं आई। इसके पीछे एक लंबी कहानी है, जिसमें एक निजी क्रिकेट लीग की चुनौती, बीसीसीआई की रणनीति, कानूनी लड़ाइयां, विवाद, स्पॉट फिक्सिंग, टीमों का आना-जाना और लगातार बढ़ता कारोबार शामिल है। आईपीएल की कहानी को समझने के लिए हमें 2007 में लौटना होगा, जब भारतीय क्रिकेट के सामने पहली बार एक ऐसी चुनौती खड़ी हुई जिसने बीसीसीआई को अपने इतिहास का सबसे बड़ा दांव खेलने पर मजबूर कर दिया।

**आईसीएलः वह चुनौती जिसने आईपीएल की नींव रखी**

शुरूआत 2007 से होती है जब 24 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में पांच रन से जीत दर्ज कर अपना पहला टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। हालांकि, इससे पहले ही देश में बैठे रसूखदारों ने फटाफट क्रिकेट की लोकप्रियता को भांप लिया था और एक नई लीग बनाने का विचार किया। इसी साल तीन अप्रैल को मीडिया समूह एसेल ग्रुप ने इंडियन क्रिकेट लीग (आईसीएल) की घोषणा की, जिसकी औपचारिक शुरूआत 27 जुलाई 2007 को हुई। यह एक निजी क्रिकेट लीग थी, जिसे बीसीसीआई और आईसीसी की मान्यता प्राप्त नहीं थी। उस समय क्रिकेट की दुनिया पूरी तरह राष्ट्रीय क्रिकेट बोर्डों के नियंत्रण में चलती थी और किसी निजी संगठन द्वारा इतनी बड़ी लीग शुरू करना अपने आप में एक साहसिक कदम माना गया। आईसीएल ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों को जोड़ते हुए शहर आधारित टीमों का गठन किया। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव इस लीग के प्रमुख चेहरों में शामिल थे।

### बीसीसीआई सचिव ने दे डाली थी प्रतिबंध की धमकी

तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार (2005-2008) ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र पर सीधी चुनौती माना। यही वजह थी कि बीसीसीआई ने शुरूआत से ही आईसीएल के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। आईसीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को आधिकारिक क्रिकेट से बाहर करने की चेतावनी दी गई। बीसीसीआई के तत्कालीन सचिव निरंजन शाह ने यहां तक कह दिया था कि जो भी खिलाड़ी आईसीएल में हिस्सा लेंगे उन पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा था, 'हमारा रुख एकदम साफ है। जो खिलाड़ी आईसीएल में हिस्सा लेंगे, वे फिर कभी देश के लिए खेलने के योग्य नहीं होंगे। अब यह खिलाड़ियों को ही तय करना है कि वे क्या करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा था जो खिलाड़ी अभी तक देश के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं, और आईसीएल में भाग लेते हैं उन पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। इसके बाद कई खिलाड़ियों के करियर पर संकट खड़ा हो गया।

# नॉर्वे शतरंज में गुकेश ने प्रज्ञानंद को हराया

## दिव्या देशमुख महिला वर्ग में शीर्ष पर पहुंचीं



**ओस्लो।** नॉर्वे चेस 2026 के पांचवें दौर में विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने प्रज्ञानंद को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने झू जिनर को मात देकर अंक तालिका में एकल बढ़त हासिल कर ली। मैग्नस कार्लसन को भी वेस्ली सो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

ओस्लो में चल रहे नॉर्वे चेस 2026 टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष वर्ग में विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने ऑल-इंडियन मुकाबले में आर. प्रज्ञानंद को हराकर अहम जीत दर्ज की, जबकि महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने जीत हासिल कर अंक तालिका में एकल बढ़त बना ली।

**ऑल-इंडियन मुकाबले में गुकेश की जीत**

पांचवें दौर का सबसे चर्चित मुकाबला भारत के दो युवा ग्रैंडमास्टर्स गुकेश और प्रज्ञानंद के बीच खेला गया। मुकाबले के अधिकांश हिस्से में प्रज्ञानंद बेहतर स्थिति में नजर आए और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा।हालांकि, अंतिम चरण में गुकेश ने मौके का फायदा उठाया। समय के दबाव और बढ़ते तनाव के बीच प्रज्ञानंद अपनी बढ़त को कायम नहीं रख सके। इसके बाद गुकेश ने स्थिति पर पूरी पकड़ बना ली और जीत दर्ज करने में सफल रहे।

**कार्लसन को वेस्ली सो ने चौंकाया**

दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मुकाबला लंबे समय तक रणनीतिक लड़ाई के रूप में चला, लेकिन एंडगेम में वेस्ली सो ने धीरे-धीरे बढ़त हासिल कर ली। कार्लसन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वेस्ली सो ने अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी और क्लासिकल मुकाबले में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

**फिरोजा ने मजबूत की शीर्ष स्थिति**

दूसरे क्लासिकल मुकाबले में टूर्नामेंट के शीर्ष खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा और विन्सेंट कीमर के बीच खेल ड्रॉ रहा। इसके बाद हुए आमार्गेडन मुकाबले में फिरोजा ने जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक अपने नाम किए और अंक तालिका में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया।

**महिला वर्ग में दिव्या देशमुख का शानदार प्रदर्शन**

महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने झू जिनर को हराकर दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत दर्ज की। मुकाबला लंबे समय तक बराबरी का रहा, लेकिन समय की कमी वाले चरण में दिव्या ने शानदार खेल दिखाया और अपनी बढ़त को जीत में बदल दिया। इस जीत के साथ दिव्या टूर्नामेंट के

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम | 06 | सोमवार • 01 जून -2026

# गाजियाबाद आसपास




# 235 प्रतिभाओं का सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

## राजनगर के आईएमए भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सांसद अतुल गर्ग और डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने किया सम्मानित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रवादी जनसेवक समिति द्वारा राजनगर स्थित आईएमए भवन, ब्लॉक-8 में 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 235 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों के साथ-साथ राष्ट्रहित के प्रति भी समर्पित रहना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव राजेश त्यागी ने की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रवादी जनसेवक समिति पिछले 12 वर्षों से गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन जारी रखे जाएंगे। समारोह में निशांत शर्मा, मेघा जैन, लविश त्यागी, राजेश सैनी, मनीष त्यागी, पंकज अरोड़ा, गौरव स्वामी, गौरव अरोड़ा त्यागी, तुषार गुप्ता सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### टॉपर्स पर रही विशेष नजर

कक्षा 10 के छात्र दक्ष शर्मा ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 12 में श्रेया जैन ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधि गुप्ता और शुभांशु जायसवाल को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं कक्षा 12 वर्ग में कार्तिक शर्मा और आरुषि चौधरी को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

### 12 वर्षों से शिक्षा उत्थान में जुटी है समिति

राष्ट्रवादी जनसेवक समिति पिछले 12 वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। समिति का कहना है कि समाज में प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं, जिससे युवाओं का मनोबल बढ़े और वे नई उपलब्धियां हासिल कर सकें।




### पहले कर रहा था ठेकेदारी और कृपा मिलते ही शुरू कर दी है उगाही

राजनीति के नये दौर में जन के प्रतिनिधियों की टौर ही अलग है। जिन्हें जनता ने चुना है वो भी सरकारी अफसरों की तरह काम कर रहे हैं। जिन्हें सरकार ने कृपा से नवाज दिया है वो भी तिलों से तेल निकालने की कला में लग गये हैं। किस्सा विधायक जी के मौहल्ले से निकला और पता चला कि नामित वाले भी अब हिस्सा लेकर आ रहे हैं। उगाही का मामला ऐसा है कि इसमें सपाई या भाजपाई नहीं देखा जाता। इसमें उम्र की भी कोई सीमा नहीं होती और मौहल्ला अब निर्वाचित के बाद नामित की उगाही से जूझ रहा है। पता चला है कि कृपा होने से पहले वो ठेकेदारी कर रहे थे। उम्र के पड़ाव पर आकर सरकार ने कृपा से नवाजा तो पता चला कि अब उगाही शुरू हो गयी है। एक ठेलेवाला, पटरी वाला झूठ बोलेगा लेकिन पूरा टोला थोड़ी झूठ बोलेगा। सुना है कि ठेकेदार चचा ने उगाही शुरू कर दी है। मतलब ये कि चचा से अब कुछ भी नहीं बचा।

### पार्षद बोला जनता आंदोलन तो करे हम सबसे आगे खड़े मिलेंगे

सरकार आने के बाद लहर का कहर तो दिख ही रहा है। हाउस टैक्स को लेकर कहा गया कि डोंट वरी। लेकिन सरकार के बाबू कहां काबू आ रहे हैं। अब 2024-25 के टैक्स के किस्से बाहर आ रहे हैं। बाबू इतने बेकाबू हैं कि वो आम आदमी तो छोड़ो किसी पार्षद को भी शासनादेश दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या निर्देश है ये बताने को तैयार नहीं हैं। हाउस टैक्स को लेकर सीन ये चल रहा है कि पंचों की राय सिर माथे पर मगर पतनाल वहीं गिरेगा। सदन तो अपने आप को ज्यादा सर्वोपरि माने ना। क्योंकि सदन को तो मीलॉर्ड ने ही एक लाईन में हाशिये पर रख दिया। ये तो चुनावी हड़आ है वरना जो पौवा अधिकारियों ने सेट कर दिया उससे बड़ा कुछ नहीं है। पुरानी दरों पर करों का फरमान आया तो कई दिन तक सॉफ्टवेयर का हवाला दिया गया। अब सॉफ्टवेयर के बाद नयी कहानी 24-25 के बिल की आ गयी है। अब तो परेशान होकर सत्ताधारी दल के पार्षद ने भी कह दिया कि जनता आंदोलन तो छेड़े हम सबसे आगे दिखायी देंगे।

### पानी वाला कमिशन आधा आधा बटेगा या एक को ही देना है

राम वाले मौहल्ले में घमासान मचा। कहानी का ट्विस्ट ये भी है कि दोनों के दोनों पहली बार के पार्षद हैं। मोहल्ले वाले ये कहते हैं कि बिल्ली के नसीब से छीका टूटा है। दोनों इस बात पर नाज करते हैं कि ये चुनाव तो हमने अपने दम पर जीता है। दोनों ने स्थापित चेहरों को हराकर ये चुनाव जीता है। पम्प वाली कहानी में अब नया किस्सा जन्म कर रहा है। किस्सा ये है कि विकास वाला हिस्सा हाफ हाफ होना है या फिर एक को ही देना है। ये बात भी तीसरे पार्षद ने पूछी है और वो ये जानना चाहते हैं कि हिस्से तीन होंगे या दो होंगे या एक ही हिस्सा जायेगा। उन्होंने तफरी में कह भी दिया कि दो बिल्लियों की लड़ाई में बंदर आया है इस बात को भी याद रखना। पता चला कि ये दोनों लड़ते ही रह गये और ठेकेदार जाकर तीसरे दरवाजे पर नजराना भी दे आया।

# महानगर मंत्री ललित कश्यप की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं पर की चर्चा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा क्रॉसिंग मंडल के अंतर्गत सेक्टर-5 और सेक्टर-7 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया। इस अवसर पर संगठन को वैचारिक और व्यावहारिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से एक 'टिफिन बैठक' का भी सफल आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से बूथ सशक्तिकरण, सांगठनिक मजबूती और क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम में जुटे कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण, सेवा और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सांगठनिक दृष्टिकोण से आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महानगर मंत्री ललित कश्यप उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के मंत्र दिए। उनके साथ ही क्रॉसिंग मंडल की महामंत्री पुष्पा पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष आनंद वाजपेयी, मीडिया प्रभारी विदुषी बंसल और आई.टी. संयोजक संजना कालंदनी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सांगठनिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सेक्टर-5 के संयोजक बी.के. मिश्र और सेक्टर-7 के संयोजक दिनेश शर्मा का विशेष योगदान रहा। वहीं, 'मन की बात' कार्यक्रम के कार्यवाहक के रूप में एम.के. शर्मा और आर.सी. सिंह ने व्यवस्थाएं संभालीं। बैठक में जमीनी स्तर पर पार्टी की कमान संभालने वाले विभिन्न बूथों के अध्यक्षों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उपस्थित रहने वाले प्रमुख बूथ अध्यक्षों में शामिल हैं: रजनीश गोयल, अतुल गुप्ता, सचिन शुक्ला, सुबोध कुमार अग्निहोत्री, राम सिंह, ईशा भाटिया, नेहा तनेजा, डिंपल, रवि प्रकाश गुप्ता। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) में कमलकांत गोस्वामी और विनोद त्रिपाठी सहित भारी संख्या में स्थानीय प्रबुद्ध जन और समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और क्षेत्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा वसुन्धरा-वैशाली इकाई की नई कार्यकारिणी गठित




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुन्धरा में आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा वसुन्धरा-वैशाली इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इकाई अध्यक्ष विनोद त्यागी ने जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, पूर्व वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र त्यागी, राजीव त्यागी, अजय त्यागी, अनिल त्यागी तथा संरक्षक आशाराम त्यागी की मौजूदगी में नई टीम की घोषणा की। नवगठित कार्यकारिणी में कर्नल मुकेश त्यागी एडवोकेट बैनीपुर को संगठन मंत्री एवं कानूनी सलाहकार बनाया गया। प्रमोद त्यागी खिलवाई एवं नरेंद्र त्यागी खिंदौड़ा को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। राजवीर त्यागी मकनपुर, के.वी.एस. त्यागी नेकपुर, विनोद त्यागी मैनापुर, रविन्द्र त्यागी बाड़म तथा राजा त्यागी कुंदरकी उपाध्यक्ष बनाए गए। विनीत त्यागी बड़कली, विपिन त्यागी कैंथवाड़ी एवं पवन त्यागी ग्यासपुर को मंत्री तथा सुनील त्यागी महादेव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में मंगू सिंह त्यागी अतराड़ा, ब्रजमोहन त्यागी प्रह्लादगढ़ी, विनोद त्यागी प्रह्लादगढ़ी, हर्षवर्धन त्यागी रतनगढ़, करमचंद त्यागी मकनपुर, आदेश त्यागी प्रह्लादगढ़ी, ब्रजेश्वर त्यागी डिडौली, ओमदत्त त्यागी खंदावली एवं संदीप त्यागी नारंगपुर को शामिल किया गया। कार्यक्रम में अशोक त्यागी, श्रीनिवास त्यागी, उमेश त्यागी, भाजपा विस्तारक समन्वयक अजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप त्यागी, आप प्रवक्ता मनोज त्यागी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉली त्यागी, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, भाजपा महानगर मंत्री रेखा त्यागी, महिला लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्राणी त्यागी सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने, समाज में एकता-समरसता बढ़ाने और युवाओं को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का संकल्प लिया। अंत में ग्राम सैंथली निवासी प्रतिभावान खिलाड़ी चिराग त्यागी की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## तेज रफ्तार थार डंपर से टकराई, चालक की मौत

**नोएडा, करंट क्राइम।** अल्फा-1 कामर्शियल बेल्ट के समीप शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होकर एक डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन चिकित्सकों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभिषेक पुत्र लटूर सिंह निवासी गांव बनवारीपुर थाना आहार बुलंदशहर के रूप में हुई है। वह ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-2 क्षेत्र में किराये पर रहकर एक निजी कंपनी में कार्यरत था। शनिवार रात वह अपने एक मित्र की थार लेकर निकला था। रात करीब 11 बजे जब वह अल्फा-1 कामर्शियल बेल्ट के सामने पहुंचा, तभी उसकी कार सड़क पर चल रहे डंपर से जा टकराई।




## किस थ्री-स्टार ने क्यों लिया सेफ मोड

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते कुछ घटनाक्रम के बाद यहां के हाल, हालात और माहौल एकदम से बदल गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से नदिया पार में दिल्ली से सटे वाले इलाके में बड़ा वाला कांड हुआ है, उसको मिट्टी में मिलने वाला परिणाम भी आ गया है। पर इन सबके बीच जो पुलिस वाली कार्रवाई हुई है, उसमें एक थ्री-स्टार की वर्किंग पर सवाल भी उठा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बेहद गोपनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि इस पूरी प्लानिंग में एक थ्री-स्टार को शामिल किया गया था, पर उन्होंने मना कर दिया। जिसके बाद इस मामले में उस टू-स्टार की भूमिका बढ़ गई जो सिटी से नदिया पार पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि टू-स्टार दोनों ही फुल एनकाउंटर में शामिल थे, तो यह उनका तीसरा फुल एनकाउंटर हो गया है और उन्होंने फुल एनकाउंटर वाली हैट्रिक लगा दी है। इन सबके बीच चर्चा शुरू हो गई है, कि जिस तरीके से देहात वाले एक थाने पर एक्शन लिया गया है। कहीं ऐसा ही रिएक्शन नदिया पार में भी देखने को ना मिल जाए। वैसे सुनने में आ रहा है कि साहब से मीटिंग के बाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थाना प्रभारियों के फेस बदलने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिसमें दो विकेट नदिया पार, दो सिटी और दो से तीन देहात में बदलाव होंगे। तो पांच फेस लिस्ट में नजर आ सकते हैं। इन सबके बीच जानकारी यह है कि खेत वाले थाने पर पुराने वाले टू-स्टार आ गए हैं। आईपीएस का कार्यकाल पूरा हुआ, अब अगले आदेश का इंतजार हो रहा है। इन सबके बीच बताया जा रहा है कि जिस थ्री-स्टार ने सेफ वाला मोड़ लिया है, उनकी चर्चा भी जमकर है। वह पहले भी फुल वाले एनकाउंटर में रहे हैं। तो अभी सिटी का एक मामला और देहात वाला मामला अधिकारियों के बीच डिस्कशन का विषय बना हुआ है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते 50 घंटे में जिस तरीके के बड़े फैसले और एक आईपीएस अधिकारी की लीड पावर का रोल दिखा है, इसका इंपैक्ट आने वाली प्रदेश वाली आईपीएस की लिस्ट में भी नजर आ सकता है। कुल मिलाकर देखना होगा की फुल एनकाउंटर के बाद अब दो हत्याओं के राज पर क्या खुलासा होगा। क्या कोई नदिया पार वाला जैसा एक्शन होगा या यहां का मामला बाइट और प्रेसवार्ता से ही द एंड कर लिया जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के मामले हाईलाइट चल रहे हैं और यही वजह है कि लखनऊ वाले कार्यालय से सीधी मॉनिटरिंग और निर्देश दिए जा रहेथे।



# झंडापुर में भीषण गर्मी के बीच पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** झंडापुर में भीषण गर्मी को देखते हुए पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने राहगीरों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य मार्ग पर स्टॉल लगाकर आने-जाने वाले लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय व राहुल परिहार ने कहा कि गर्मी में लोगों को राहत देना ही हमारा उद्देश्य है। लू और तपिश से बचने के लिए शरबत और पानी सबसे जरूरी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। इस मौके पर राहुल परिहार पिंटू, प्रदीप कुमार, मनीष, हनी गोयल, राहुल परिहार, पुष्पेंद्र, सचिन मिश्रा, अनिल वर्मा, मोनू सैनी और ललित सैनी सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर राहगीरों, रिक्शा चालकों और मजदूरों को शरबत पिलाया। स्थानीय लोगों ने पार्षद की इस पहल की सराहना की। लोगों का कहना था कि 45 डिग्री तापमान में ठंडा शरबत मिलना बड़ी राहत है। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा और सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया।

# सूर्या चौहान हत्याकांड की विहिप ने की घोर निंदा



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। विश्व हिंदू परिषद ने खोड़ा में ईद के दिन हुई हिंदू युवक सूर्या चौहान की निर्मम हत्या की घोर निंदा की है। परिषद ने शासन-प्रशासन से सभी दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी और कठोरतम सजा की मांग की। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा रविवार को खोड़ा स्थित मृतक के आवास पहुंचे। उन्होंने सूर्या की माता, बहन और अन्य परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। बागड़ा ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में पूरा हिंदू समाज उनके साथ खड़ा है। इस दौरान विहिप कार्यकताओं ने स्वेच्छा से धन संग्रह कर परिवार को आर्थिक सहयोग राशि भी सौंपी। परिषद ने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बजरंग बागड़ा ने कहा कि यह अत्यंत जघन्य और कायराना अपराध है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज ऐसे आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। बागड़ा ने मुस्लिम नेतृत्व से जिहादी मानसिकता पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की, ताकि देश में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। उन्होंने प्रशासन से न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की, जिससे असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश जाए कि वे बच नहीं सकते। इस अवसर पर विहिप के गाजियाबाद विभाग मंत्री अजय शर्मा, विभाग संगठन मंत्री साहिल वालिया, हरनंदी महानगर अध्यक्ष बी.के. गुप्ता, नवीन गौतम, सौरभ तिवारी, राजेश तंवर, अमित पराशर, राजू पंडित, ललित जायसवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइट-4 की पॉलिस्टर धागा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## 10 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझी आग




### क्षतिग्रस्त टीन शेड बना चुनौती

**करंट क्राइम :** आग बुझाने के दौरान फैक्ट्री परिसर का क्षतिग्रस्त टीन शेड दमकल कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बना रहा। शेड के कारण आग के केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता से क्षतिग्रस्त हिस्से को हटवाया गया, जिससे दमकल कर्मियों को अंदर तक पहुंचने में सफलता मिली और आग पर प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सका। आग बुझने के बाद किए गए स्थलीय निरीक्षण में पता चला कि आग मेसर्स जैन जरी क्रिएशन नामक प्रतिष्ठान में लगी थी, जहां पॉलिस्टर धागे का निर्माण किया जाता है। फैक्ट्री में मौजूद ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया था।

### 10 दमकल गाड़ियों ने संभाला मोर्चा

**करंट क्राइम :** अग्निशमन विभाग के अनुसार आग बुझाने के लिए कुल 10 दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। फायर कर्मियों की तत्परता और सुनियोजित कार्रवाई के चलते आग को अन्य प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया गया। विभाग अब आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई और समन्वित प्रयासों के चलते बड़े नुकसान और संभावित जनहानि को टाल दिया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित साइट-4 में रविवार सुबह एक पॉलिस्टर धागा निर्माण फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब चारों ओर से घेराबंदी कर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे फायर स्टेशन वैशाली को साइट-4 स्थित प्लॉट संख्या 42/46 में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली, साहिबाबाद, लोनी समेत अन्य इकाइयों की टीमों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि आग अत्यंत भीषण रूप धारण कर चुकी थी और तेजी से फैल रही थी। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली तथा नोएडा से भी अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के निर्देशन में फायर कर्मियों ने चार दिशाओं से पानी की लाइनें बिछाकर आग को नियंत्रित करने का अभियान चलाया।

# राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान




गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद स्थित राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की है। संस्थान को बेंगलुरु में आयोजित 'इंडिया एलीट एजुकेशन एंड इंस्टीट्यूशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026' में प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। संस्थान को 'ट्रस्टेड एंड फ्यूचरिस्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज ऑफ द ईयर 2026' सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट प्रशासन, श्रेष्ठ प्लेसमेंट एवं आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान को 'एक्सीलेंस इन एजुकेशनल स्टैंडर्ड्स, अडैप्टेबिलिटी एंड इम्प्लीमेंटेशन' सम्मान से भी सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के उच्च मानकों, नवाचार एवं प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सम्मान संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. डी. के. चौहान ने संस्थान की ओर से ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों तथा प्रबंधन के सामूहिक समर्पण, कठोर परिश्रम एवं उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। डॉ. चौहान ने कहा कि यह सम्मान संस्थान परिवार के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए संस्थान से जुड़े सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई दी।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये भारत के हर वर्ग के मन की बात है। मेयर सुनिता दयाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप तथा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा के साथ राजनगर मंडल में सुना। मेयर सुनिता दयाल ने मन की बात के इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। मेयर सुनिता दयाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





## मृतक सूर्या चौहान के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने की लगी होड़, बीजेपी के बाद कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल भी पहुंचा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बकरीद के दिन खोडा कॉलोनी में हिंदू युवक सूर्या चौहान की नृशंस हत्या ने सभी को झकझोर दिया है। सभी की जुबान पर इस हत्याकांड की चर्चा हो रही है। दरअसल मुस्लिम युवक असद ने सूर्या चौहान को बकरीद के दिन अपने घर बुलाया था।

जैसे ही वह घर पहुंचा तो असद ने उससे पूछा कि क्या तुमने बकरे को कटते हुए देखा है। इसके बाद असद और उसके दोस्तों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार करते हुए सूर्या की हत्या कर दी। हालांकि इस हत्या के दो दिन बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी असद को एनकाउंटर में मार गिराया है। लेकिन इस घटना ने सिर्फ गाजियाबाद ही नहीं उत्तर प्रदेश और बल्कि देश की राजनीति में हलचल सी पैदा कर दी है। इस घटना पर बसपा प्रमुख मायावती से लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और समाजवादी पार्टी ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वही स्थानीय राजनीति की बात की जाए तो इस घटना के तुरंत बाद राजनीतिक दलों के कार्यकताओं का खोडा पहुंचकर पीड़ित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करने की होड सी लग गई है। यह कहना कहीं भी गलत नहीं होगा कि संवेदना व्यक्त करने के मामले में बीजेपी ने बाजी मार ली है। बीजेपी के विधायक एवं प्रदेश के मंत्री सुनील शर्मा से लेकर पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना भाटी समेत सभी तमाम बड़े पदाधिकारी व कार्यकताओं ने खोडा में जाकर पीड़ित परिवार को संवेदना जताने का मौका गंवारा नहीं किया। राजनीतिक हल्कों में इस बात की चर्चा शुरू हो गई थी कि एक साल बाद जब चुनाव होना है तो ऐसे में बीजेपी के अलावा दूसरे दल खोडा जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करने में पीछे कैसे रह गए।

इस बीजेपी की ओर से संवेदना व्यक्त करने और लोगों की जुबान पर उठ रहे सवालों पर विराम लगाने का उद्देश्य कहिए या कुछ और कांग्रेस की ओर से रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल खोड़ा कॉलोनी में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने पहुंचा। कांग्रेस की ओर से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को खोडा जाकर मृतक सूर्या चौहान के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर पार्टी की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में जिस भी जिले में हत्या या अन्य जगह अपराध हो रहे हैं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद वहां जाकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन खोड़ा में जहां एक हिंदू युवक की बेदर्दी से हत्या कर दी गई है वहां प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का अभी तक नहीं पहुंचाना सवालों के घेरे में आ गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज मृतक परिवारों से मुलाकात कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से आश्वासन दिया। कांग्रेस ने पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए के आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई है। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष किसी कार्य में व्यस्त है जैसे ही उन्हें समय मिलेगा वह खोडा में जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जहां भी जाते हैं प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस वहां उन्हें जाने से रोक रही है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर ही जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खोड़ा में जाकर मृतक सूर्य चौहान माताजी और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि मंडल की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को भेजी जाएगी। पूरे प्रदेश में धार्मिक सहिष्णुता और एक दूसरे के प्रति सद्भाव की भावना को प्रभावित किया जा रहा है। यह घटना भी इस और इंगित कर रही है। दोनों परिवार आसपास में ही रहते हैं फिर आखिर क्या हो गया कि एक युवक की इस तरह बेदर्दी से हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस से भी लापरवाही हुई है बकरीद के दिन सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मृतक सूर्य चौहान के परिजनों को आश्वासन दिया कि इस मामले पर हर संभव मदद की जाएगी पूरे घटनाक्रम की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी को भी दी जाएगी।

जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के साथ जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विशंभर नेगी, जिला सचिव दिनेश सिंह, नगर अध्यक्ष अनवर कुरैशी, डसना इरफान, बाबू खान आदि शामिल थे।

## वसुंधरा मनोकामना अपार्टमेंट में हो रही है दूषित पानी की सप्लाई, लोगों ने दी घेराव की चेतावनी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में पिछले दो सप्ताह से आ रहे बदबूदार पानी से रेजिडेंट्स बेहद परेशान है। रेजिडेंस का कहना है कि सुबह शाम दोनों समय नगर निगम की ओर से गंगाजल की सप्लाई की जाती है पिछले दो सप्ताह से नल से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है। इस पानी का पीने के लिए इस्तेमाल नहीं हो सकता है।

पिछले दिनों इंदिरापुरम में दूषित पानी पीने से लोगों के बीमार होने की घटना सामने आने के बाद लोग इस पानी को पीने से कतरा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इतनी भयंकर गर्मी में उन्हें पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है जिस कारण महंगाई के इस समय में अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड रहा है।

महासचिव नितिन भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध में जलकल विभाग के जेई सोमेंद्र तोमर को कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत की जा चुकी है अभी तक समस्या का समाधान नहीं है। निवासी गंदा पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। नहाने से लोगों की स्किन खराब हो रही है और बाहर से बोतल खरीद कर पानी पीने पर मजबूर हो रहे हैं अगर नगर निगम जलकल विभाग द्वारा समस्या का हल शीघ्र नहीं हुआ तो आक्रोशित जनता द्वारा नगर निगम का घेराव किया जाएगा।

## महर्षि वाल्मीकि पार्क में तीन दिवसीय खेलकूद एवं योग प्रतियोगिता का समापन

**➪ प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने विजेता बच्चों को किया सम्मानित, खेल और योग को बताया सर्वांगीण विकास का आधार**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क में 7 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद एवं योग प्रतियोगिता का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद और योग बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं, जबकि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### इन पदाधिकारियों का रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री अनुपा गर्ग, उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, योग गुरु रेखा गर्ग, रेखा गुप्ता, चेतन अग्रवाल, एकता गर्ग, एकता गुप्ता, नेहा गर्ग, शालू गर्ग, वामिका, शीतल, पूजा, मेघा सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अमरनाथ योग संस्थान ने किया आयोजन

तीन दिवसीय खेलकूद एवं योग प्रतियोगिता का आयोजन अमरनाथ योग संस्थान, गाजियाबाद द्वारा किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौरव गर्ग ने बताया कि बच्चों को खेल और योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन समय-समय पर किए जाते हैं।

## भारत दौरे पर आएंगी ब्रिटिश विदेश मंत्री, वैश्विक चुनौतियों के बीच रणनीतिक सहयोग पर होगी चर्चा



**लंदन।** ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर चीन के बाद भारत दौरे पर आएंगी, जहां वह अपने समकक्ष एस जयशंकर समेत व्यापार, शिक्षा और सरकारी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी। इस यात्रा में वैश्विक सुरक्षा, यूक्रेन युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य और भारत-ब्रिटेन सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। वहीं, दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आगे बढ़ाने पर भी विशेष जोर रहने की संभावना है।

ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर सोमवार को चीन का दौरा करेंगी। इसके बाद वह भारत आएंगी। उनका यह दो देशों का दौरा वैश्विक चुनौतियों से निपटने और सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित होगा।

### एफसीडीओ ने कूपर के दौरे पर क्या कहा?

ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा, चीन और भारत जैसे दो प्रमुख देशों के साथ होने वाली मंत्रिस्तरीय बैठकों में होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति, यूक्रेन पर रूस के हमले और अफ्रीका में इबोला प्रकोप जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। कूपर गुरुवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके बाद वह व्यापार और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों के साथ भी बातचीत करेंगी। एफसीडीओ ने कहा, विदेश मंत्री कूपर भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। वह उद्यमियों, शिक्षाविदों और सरकारी साझेदारों से भी मिलेंगी, जो 'ब्रिटेन-भारत दृष्टिकोण 2035' को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं।

### भारत दौरा क्यों अहम माना जा रहा है?

कूपर दिल्ली दौरा ऐसे समय में कर रही हैं, जब करीब एक साल पहले भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया गया था। यह समझौता पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व में संपन्न हुआ था। उस समय दोनों नेताओं ने 'ब्रिटेन-भारत दृष्टिकोण 2035' को भी मंजूरी दी थी इसे एक महत्वाकांक्षी और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया समझौता बताया गया था। यह समझौता तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच दोनों देशों की पारस्परिक विकास, समृद्धि और एक सुरक्षित व स्थिर दुनिया के निर्माण के लिए साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) को लेकर ब्रिटेन की संसद में अनुमोदन प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है।

## गंगानहर में नहाने गए दो किशोर तेज बहाव में बहे, तलाश जारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुरादनगर क्षेत्र स्थित गंगानहर में शनिवार दोपहर नहाने आए दो किशोर तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। जानकारी के अनुसार रोहित (15 वर्ष), निवासी मंडावली, दिल्ली तथा पवन (17 वर्ष), निवासी करावल नगर, दिल्ली गंगानहर में नहा रहे थे। इसी दौरान दोनों अचानक तेज बहाव में फंस गए और देखते ही देखते पानी में बह गए। घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई। गोताखोरों द्वारा दोनों किशोरों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। देर शाम तक दोनों किशोरों का कोई पता नहीं चल सका था। प्रशासन ने नहर के आसपास मौजूद लोगों से सतर्क रहने और प्रतिबंधित या खतरनाक स्थानों पर नहाने से बचने की अपील की है।

### गर्मी के मौसम में बढ़ते हादसे

**करंट क्राइम :** गर्मी के दौरान गंगानहर में नहाने आने वालों की संख्या बढ़ जाती है। तेज जल प्रवाह और गहराई का सही अनुमान न लग पाने के कारण हर वर्ष इस तरह के हादसे सामने आते हैं। प्रशासन लगातार लोगों से सावधानी बरतने की अपील करता रहा है।

## शालीमार गार्डन में दिनदहाड़े लाखों की चोरी, ताला तोड़कर नकदी-जेवर ले उड़े चोर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय मकान मालिक अस्पताल में भर्ती थीं। जानकारी के अनुसार बीना शर्मा पत्नी चंद्रपाल शर्मा निवासी बी-150, प्रथम तल, प्राचीन श्रीराम कंपाउंड, शालीमार गार्डन श्रेया हॉस्पिटल में नौकरी करती हैं। तबीयत खराब होने के कारण वह दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती थीं। ठीक होने के बाद वह अपनी मम्मी के पास सीमापुरी चली गई थीं। आज जब उनके दामाद घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से 10 हजार रुपये नकद, सोने के दो टॉप्स और दो जोड़ी चांदी की पाजेब गायब मिली।

पीड़िता ने तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## सिविल डिफेंस हिंडन ने वसुंधरा में राहगीरों को बांटा जलजीरा और ठंडा पानी








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तपती धूप और भीषण गर्मी के बीच आम जनमानस को राहत पहुंचाने के लिए रविवार को सिविल डिफेंस हिंडन, गाजियाबाद द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इंदिरापुरम के पास, वसुंधरा पुलिस चौकी के निकट स्थित श्री सिद्ध मनोकामना हनुमान मंदिर पर संगठन द्वारा विशाल जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, चालकों और स्थानीय लोगों को पानी व जलजीरे की करीब 20 पेटियां बांटी गईं।

यह सेवा कार्यक्रम जिलाधिकारी/नियंत्रक, सिविल डिफेंस गाजियाबाद के विशेष आह्वान पर आयोजित किया गया था। पूरे कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी नगर/उप नियंत्रक विकास कश्यप के कुशल मार्गदर्शन एवं ए.डी.सी. नेम सिंह के नेतृत्व में अमली जामा पहनाया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख डिविजनल वार्डन ए.के. जैन और ए.के. ठाकुर द्वारा की गई। दोपहर की चिलचिलाती धूप में सिविल डिफेंस के दर्जनों जांबाजों ने मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दीं। इस मौके पर मुख्य रूप से: स्टाफ ऑफिसर टू डिविजनल वार्डन रमन सक्सेना, घटना नियंत्रण अधिकारी विनोद शर्मा व जोगेंदर सिंह, पोस्ट वार्डन आरक्षित महेश कुमार, डिप्टी पोस्ट वार्डन आरक्षित दीपक तोमर उपस्थित रहे। इसके अलावा व्यवस्था संभालने में सेक्टर वार्डन प्रदीप शर्मा, प्रमोद कुमार, धर्मवीर मिश्रा, अनुराग तोमर, योगेश पांचाल सहित स्वयंसेवक शिवम शर्मा, राजवीर तोमर और कार्यालय सहायक किशोरी लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाइवे और मुख्य सड़कों से गुजरने वाले राहगीरों ने ठंडे पानी और जलजीरे से अपनी प्यास बुझाई और सिविल डिफेंस की इस मानवीय पहल की जमकर सराहना की। पदाधिकारियों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में आगे भी इस तरह के जनहित के कार्य जारी रहेंगे।

## 8वें हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव के आमंत्रण पत्र का भव्य विमोचन

### 28 जून को गाजियाबाद में होगा भव्य आयोजन, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी होंगे मुख्य वक्ता






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत माता सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित होने वाले 8वें हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव के आमंत्रण पत्र का रविवार को जानकी सभागार, कवि नगर स्थित रामलीला मैदान में भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा हिन्दवी स्वराज्य के आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी श्वेता भारती ने छत्रपति शिवाजी महाराज को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यपरायणता और वीरता का प्रतीक बताते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए अद्वितीय कार्य किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलदेव भाई शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के ऐसे प्रकाश स्तंभ हैं जिन्होंने कठिन समय में भी राष्ट्र चेतना को जागृत रखा। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज को छत्रपति की उपाधि केवल राज्याभिषेक के कारण नहीं, बल्कि अपनी प्रजा को सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने के कारण मिली थी।

इस अवसर पर श्रीमती इंदु शर्मा एवं अंजू जैन ने ओजपूर्ण काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में बताया गया कि यह उत्सव छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 352वें वर्ष की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

### 28 जून को होगा भव्य हिन्दू साम्राज्य दिवस उत्सव

भारत माता सांस्कृतिक संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में निरंजन पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी कैलाशानन्द गिरि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लैंडक्राफ्ट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन ललित जायसवाल करेंगे। यह भव्य आयोजन 28 जून 2026 को सायं 5:30 बजे बलिदान पथ, नवयुग मार्केट, गजप्रस्थ (गाजियाबाद) में आयोजित किया जाएगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिन्दू जनमानस में सांस्कृतिक जागरण, हिन्दवी स्वराज्य के आदर्शों का प्रचार-प्रसार तथा छत्रपति शिवाजी महाराज के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

## ट्रंप ने साझा की न्यूयॉर्क की गवर्नर के साथ AI-जनरेटेड तस्वीर

### सोशल मीडिया पर छिड़ गई बहस




**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क गवर्नर कैथी होचुल के साथ बास्केटबॉल खेलते हुए अपनी एक एआई तस्वीर साझा की है। इस अजीब पोस्ट ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी। ट्रंप लगातार ऐसी बनावटी तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं, जिनमें वह खुद को अलग-अलग अनोखे रूपों में दिखाते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एआई से तैयार एक नई तस्वीर साझा कर इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) से तैयार एक ग्राफिक साझा किया है। इस ग्राफिक में ट्रंप न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के साथ बास्केटबॉल के मैदान में नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने यह डिजिटल तस्वीर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट की है।

इस तस्वीर में दोनों नेताओं को खेल के मैदान में एक-दूसरे के सामने दिखाया गया है। यह कोई असली मुकाबला नहीं है। यह राजनीतिक विरोध को दिखाने का एक प्रतीकात्मक तरीका है। एआई से बनी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो है। इंटरनेट पर लोग इस तस्वीर के लहजे और इसके पीछे छिपे संदेश को लेकर सवाल उठा रहे हैं। कई जानकारों का मानना है कि किसी देश के शीर्ष नेता का ऐसी सामग्री साझा करना बहुत ही असामान्य बात है।

इस तस्वीर के साथ ट्रंप ने एक संदेश भी लिखा है। उन्होंने कैथी होचुल को न्यूयॉर्क की एक असफल गवर्नर बताया। ट्रंप ने लोगों को सलाह दी कि अगर वे समझदार हैं, तो ब्रूस ब्लेकमैन को वोट दें। उन्होंने दावा किया कि ब्रूस ही न्यूयॉर्क को फिर से महान बनाएंगे। ट्रंप पिछले कुछ समय से लगातार ऐसी बनावटी तस्वीरें इंटरनेट पर डाल रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में ट्रंप ने एक और डिजिटल तस्वीर साझा की थी। उस तस्वीर में वह एक गैंडे के पास खड़े थे और उनके हाथ में एक बंदूक थी। इससे पहले उन्होंने एक और बदली हुई तस्वीर पोस्ट की थी। उसमें पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ओवल ऑफिस की मेज पर सिर रखकर सोते हुए दिख रहे थे। उस तस्वीर में बराक ओबामा और हिलेरी क्लिंटन पीछे खड़े होकर उन्हें देख रहे थे। ट्रंप की ये पोस्ट उनके अकाउंट से साझा किए जा रहे बनावटी मीडिया का हिस्सा हैं। कुछ महीने पहले ट्रंप की काफी आलोचना हुई थी। तब उन्होंने एआई से बनी अपनी ऐसी तस्वीरें साझा की थीं, जिनमें उन्होंने ईसाई धर्मगुरु 'पोप' जैसे कपड़े पहने थे। उस समय वेटिकन और कैथोलिक नेतृत्व को लेकर काफी बातें हो रही थीं। अप्रैल में भी ट्रंप ने कंप्यूटर से बनी एक तस्वीर साझा की थी। उस तस्वीर में वह एक बीमार व्यक्ति की देखभाल करते हुए किसी दिव्य शक्ति की तरह दिख रहे थे। बाद में ट्रंप ने उस पोस्ट को हटा दिया था। उन्होंने कहा था कि वह तस्वीर उन्हें एक डॉक्टर के रूप में दिखाने के लिए थी।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | सोमवार • 01 जून -2026



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# एशियन पैरा गेम्स का सपना टूटा, दोस्त ने ही छीन ली जिंदगी

## स्वर्ण पदक जीतकर लौटा अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट चिराग त्यागी गोली मारकर हत्या का शिकार, आरोपी खिलाड़ी गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश के उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या ने खेल जगत और पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। एशियन पैरा गेम्स के लिए क्वालीफाई करने की खुशी अभी परिवार मना ही रहा था कि शनिवार को यह खुशी मातम में बदल गई। मोदीनगर के सैथली गांव निवासी 24 वर्षीय चिराग त्यागी का खून से लथपथ शव साईं उपवन क्षेत्र में मिला।



पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी यश खटीक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस के अनुसार चिराग हाल ही में बेंगलुरु में आयोजित आठवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में 400 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीतकर शुक्रवार शाम दिल्ली लौटे थे। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने एशियन पैरा गेम्स में भी अपनी जगह सुनिश्चित की थी।

उन्होंने घर लौटने से पहले अपने पिता को इस सफलता की जानकारी दी थी और शनिवार शाम तक गांव पहुंचने की बात कही थी। शनिवार सुबह करीब 9:12 बजे चिराग दिल्ली स्थित साई सेंटर हॉस्टल से निकले थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे राहगीरों ने साईं उपवन के जंगल में उनका शव देखा। उनके शरीर और चेहरे पर चोटों के निशान थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि आरोपी यश खटीक भी पैरा खिलाड़ी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दस्तावेज सत्यापन के दौरान चिराग द्वारा की गई शिकायत के कारण यश की दावेदारी निरस्त हो गई थी।

इसी रंजिश को लेकर उसने कथित तौर पर चिराग को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

### प्रेमिका करती रही इंतजार, फोन उठा तो मिली मौत की खबर



**करंट क्राइम :** पुलिस के अनुसार चिराग गाजियाबाद में अपनी प्रेमिका से मिलने वाले थे, जो इंदौर से उनसे मिलने आई थी। वह रेलवे स्टेशन पर उनका इंतजार कर रही थी और लगातार फोन कर रही थी। जब एक राहगीर ने चिराग का बजता हुआ फोन उठाया तो दूसरी तरफ उनकी प्रेमिका थी। राहगीर ने उसे घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि चिराग के पास दो मोबाइल फोन थे, जिनमें से एक अभी तक बरामद नहीं हुआ है। डीसीपी सिटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का था। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध यश खटीक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### चिराग की उपलब्धियां

**करंट क्राइम :** मोदीनगर के सैथली गांव के निवासी थे। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्थित साई सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे थे। आठवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में 400 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। अक्टूबर में होने वाले एशियन पैरा गेम्स के लिए क्वालीफाई किया था। देश के उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीटों में शामिल थे।

'मन की बात' सुन भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

## सत्येंद्र सिसोदिया और चेनपाल सिंह की मौजूदगी में हुआ सामूहिक श्रवण



**डासना/गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण रविवार को डासना क्षेत्र के बूथ संख्या 388 पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह तथा भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सभी ने प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, जनभागीदारी, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर साझा किए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि ह्यमन की बातह्न समाज के सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नागरिकों को देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

### डीडी यादव ने प्रकट किया आभार

**करंट क्राइम।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष डीडी यादव ने कार्यक्रम में शामिल क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उनसे मोहब्बत दिखाकर टीम में आना तो एक बहाना था? हमें पता था भगवा कसाना को फाईनली अपने प्रिय शर्मा के पास ही जाना था? आखिर हो ही गये कसाना जी के शर्मा जी के साथ दीदार? इस मुलाकात के भगवा झा बने सूत्रधार? हम देख रहे थे कि जब से टीम में आये थे वो फील कर रहे थे कुछ ना कुछ सितम? जैसे मन ही गुनगुना रहे थे जितने भी तू कर ले सितम हस-हस के सहेंगे हम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब अपने छेड़ ही दी है यहां पर भगवा कसाना की बात? तो फिर आपको पेश करनी चाहिए यहां पर भगवा डांसिंग जैक झा के भी हाल ही के जज्बात? आप देखोगे दो विरोधी खेमे हैं? उसमें ये चेहरा नहीं होता है फिट? ना कमांडर के यहां चलती है ना यहां होती है योद्धा के यहां पर इसकी स्टोरी हिट? सुना है दो पूर्व वाले अध्यक्ष हैं इनका सहारा? अभी तो मामला मझधार में है? देखना ये है कब मिलेगा इनको किनारा?

▸▸ **क्यों कहा एक महानमंत्री ने कि** नदिया पार की राजनीति में भगवा रेस्लर का मजबूत है केस? मगर वो रोड़ा वाले एरिया में बेमतलब में तैयार कर रहे हैं अपना बेस? यहां पर स्वर्गीय भाटी जी के नाम का मजबूत है किरदार? उनके भाई के साथ अभी भी जुड़ा हुआ है काफी जनाधार? वो कितना ही बढ़ायें यहां पर इनका आना-जाना? मगर मुश्किल है यहां पर भाटी ब्रदर्स के तिलस्म को तोड़ पाना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो उपाध्यक्ष जी को सिर्फ छोटा भाई कहकर बुलातीं तब भी सभलें रहते हालात? मगर जैसे ही उन्होंने तू करके उनको सम्बोधित किया? जाहिर सी बात है योद्धा को तो होना ही था नाराज? वो संगठन के प्रोटोकॉल का रखते हैं ध्यान? उन्होंने मैडम को समझाया, जिनको आप तू कहकर सम्बोधित कर रहीं हैं? उन्होंने मंडल से लेकर महामंत्री और ना जाने संभाले हैं संगठन के कितने काम? आगे से ऐसा ना हो, आपको रखना होगा ध्यान?

▸▸ **क्यों कहा एक महानमंत्री ने कि** एक बार फिर खींचों भगवा पहलवान का इस प्रश्न पर ध्यान? उनसे पूछो तो सही किस बेस पर वो उड़ाना चाह रहे हैं खोड़ा में अपनी दावेदारी का वाहन? जितने भी वो चेहरों को वहां पर लेकर चल रहे है साथ? अगर इतिहास खंगालोगे तो देखोगे, इन सबको मिली है हार? खुद वो भी जानते होंगे कि यहां के चमन में है कितनी बहार? हम तो रेस्लर के शुभचिंतक हैं? हम चाहते हैं वो मजबूत चेहरों को साथ लेकर चलें और मजबूत करें अपना जनाधार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूल पार्टी को देखकर हो गया भगवा मैम्बर सौलंकी का दिल कूल? वो बोले इस पार्टी ने शांत कर दिये हमारे दिल के शूल? उन्होंने टॉमक्रूज से रखे अपने दिल के जज्बात? बोले अगली बार मैं दूंगा अपने साथी मैम्बरों को पार्टी? आयोजन होगा और भी खास? उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रोग्राम मैं भी कर लूंगा इसी जून महीने के आस-पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं पूल पार्टी का जबरदस्त रहा कायदा? पूल में खूब डुबकियां लगाकर उठाया मैम्बरों ने गर्मी का फायदा? मगर हमने देखा सभी गटक रहे थे बहुत ज्यादा रायता? उन्हें लग रहा था इसका टेस्ट बहुत ही बेस्ट? कहने वाले ने कहा रायता तो इस पूल पार्टी के बाद भी फैलेगा? नहीं ले पायेंगे इसमें से कई चेहरे रेस्ट? फिर दर्द-ए-दिल से निकालेंगे ये आवाज? हमारे यहां पर नहीं हो रहा है विकास? जब मच रही होगी ये चीख-पुकार? तब इन्हें पूल में लगाई डुबकियां नहीं आयेंगी याद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूल वाली पार्टी पर थी हमारी बारीक नजर? हमने देखा जहां कई मैम्बर झपाझप डुबकी लगा रहे थे? वहीं कुछ मैम्बर शायद कर रहे थे किसी बात की फिक्र? जैसे कराना चाह रहे थे किसी को एहसास कि हम गये थे जरूर? लेकिन उनके साथ नहाये नहीं थे साहब? विनय चौधरी, गौरव सौलंकी और मनोज गोयल ने नहीं लगाई पानी में एक बार भी जम्प? लग रहा है करने वाले ने कोशिश तो बहुत की, ये नहीं हुए इतना पम्प?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूल पार्टी में एक चर्चा और चल रही थी आम? मैम्बर कह रहे थे एक बड़े चेहरे ने कई मैम्बरों को इस पार्टी में नहीं पहुंचने का दिया हुआ था पैगाम? इसलिए संख्या रह गई आधे से भी कम? नहीं दिखा पाये कई मैम्बर इसमें आने का दम? कहने वाले ने कहा वो कह रहे थे महिलाओं की 40 संख्या है इसलिए कुछ अंडर 50 रहे हालात? कहने वाले ने कहा फिर ग्रुप में ये मैसेज नही डालना चाहिए था कि पार्षद पति आ सकते हैं साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व नदिया पार के भगवा कमिश्नर शुक्ला जी के यहां पर था गजब का नजारा? पूर्व वालों के यहां हो रहे थे पूर्व वालों के ही दीदार? मन की बात सुनने के लिए दो पूर्व अध्यक्षों ने उनके साथ दिये यहां अपने दीदार? पूर्व की मन की बात वाले चेहरे भी इस मौके पर नजर आ रहे थे मौजूद? कहने वाले ने कहा फोटो वाले पंडित जी भी वहीं पर इस अदभुद नजारे के दीदार कर रहे थे? काश वो इस नजारे को क्लिक करके फेसबुक पर कर लेते यूज?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

हत्या के बाद शव भी ले गए बदमाश, लोनी थाना प्रभारी सस्पेंड

## ओमकार हत्याकांड में पुलिस की लापरवाही पर बड़ा एक्शन पहले चौकी प्रभारी और अब थाना अध्यक्ष पर गिरी गाज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी क्षेत्र में युवक की हत्या के बाद शव को भी साथ ले जाने की सनसनीखेज वारदात ने पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आने पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने लोनी थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इससे पहले संबंधित चौकी प्रभारी पर भी कार्रवाई की जा चुकी है।



माना जा रहा है कि कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था को लेकर अन्य कई थाना एवं चौकी प्रभारियों पर भी कार्रवाई की सूची तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार खरखड़ी मोड़ क्षेत्र में बदमाशों ने ओमकार नामक युवक की सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मृतक के शव को भी वाहन में डालकर अपने साथ ले गए। घटना के कई घंटे बाद तक पुलिस न तो आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी और न ही शव बरामद कर पाई।

मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि मृतक पक्ष ने पहले ही पुलिस को संभावित खतरे की जानकारी दे रखी थी। बताया गया है कि मृतक के पुत्र देवांश पर 20 मई को जानलेवा हमला हुआ था। परिजनों ने लिखित शिकायत देकर जान का खतरा बताया था, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद 29 मई की रात पंचायत के दौरान भी दोनों पक्षों में विवाद और मारपीट हुई, फिर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

सूत्रों के अनुसार पुलिस अधिकारियों ने जांच में पाया कि यदि पूर्व में मिली शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई की जाती तो घटना को रोका जा सकता था। इसी आधार पर पहले चौकी प्रभारी और अब थाना प्रभारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

### लोनी विधायक ने भी जताई नाराजगी



**करंट क्राइम :** घटना के बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने थाना ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र की घटना का मुकदमा लोनी थाने में दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि वारदात के बाद से मुख्य आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं मृतक का शव बरामद न होना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। घटना ने स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश दोनों पैदा कर दिया है। क्या स्थानीय स्तर पर खुफिया और कानून-व्यवस्था तंत्र पूरी तरह विफल रहा? यह घटना गाजियाबाद पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था और जवाबदेही दोनों के स्तर पर बड़ी परीक्षा बन गई है।

# दाल में मिला मरा हुआ कॉकरोच

## फूड विभाग ने सील कराई रेस्टोरेंट की किचन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर थानाक्षेत्र की सी-ब्लॉक मार्केट स्थित दाल चीनी रेस्टोरेंट में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ग्राहक को परोसी गई दाल में पूरा मरा हुआ कॉकरोच मिला।

घटना सामने आने के बाद ग्राहक और स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई तथा मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (फूड सेफ्टी विभाग) की टीम मौके पर पहुंची और मामले का तत्काल संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच के दौरान रेस्टोरेंट की साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों के रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए। खाद्य सुरक्षा मानकों में संभावित लापरवाही को देखते हुए विभाग ने रेस्टोरेंट की किचन को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए।

**कविनगर सी-ब्लॉक मार्केट स्थित दाल चीनी रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा पर उठे सवाल, पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई**

### खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी पड़ सकती है भारी

**करंट क्राइम :** विशेषज्ञों के अनुसार भोजन में कॉकरोच जैसे कीट का पाया जाना केवल लापरवाही नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों से उपभोक्ताओं में संक्रमण और विभिन्न प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता, नियमित सफाई और सुरक्षित खाद्य भंडारण सुनिश्चित करना अनिवार्य है। मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा रेस्टोरेंट से संबंधित नमूनों और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना समेत अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।

### रेस्टोरेंट के पीछे कूड़े के ढेर पर भी उठे सवाल

**करंट क्राइम :** स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट के पीछे स्थित सर्विस लेन में लंबे समय से कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे गंदगी और दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यही स्थिति कीट-पतंगों और कॉकरोचों के पनपने का कारण भी बन सकती है। नागरिकों ने गाजियाबाद नगर निगम से मामले का संज्ञान लेकर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने शिकायत मिलते ही सक्रियता दिखाने के लिए पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की सराहना की है। उनका कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता से जुड़े मामलों में इसी प्रकार की त्वरित कार्रवाई से आम जनता का विश्वास बना रहता है और लापरवाह प्रतिष्ठानों पर अंकुश लगता है।

## हिन्दू युवा वाहिनी ने गौरव सिंह को सौंपी गाजियाबाद महानगर की कमान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा वेव सिटी सेक्टर-3 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित संगठनात्मक बैठक एवं सम्मान समारोह में संगठन के विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय भूमिका को देखते हुए गौरव सिंह को हिन्दू युवा वाहिनी गाजियाबाद महानगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें वर्ष 2026-27 का मनोनयन पत्र प्रदान किया गया, जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ की सहमति एवं क्षेत्रीय नेतृत्व के हस्ताक्षर अंकित हैं।
कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक शेखर त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित त्यागी, क्षेत्र प्रभारी रॉकी तोमर, क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी मोनू जोगी, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष आलोक आनंद, क्षेत्रीय मंत्री रवि अपना, मीडिया प्रभारी सोनू, मेरठ मंडल प्रभारी रवींद्र चौहान, जिला प्रभारी विपिन गोयल, जिला अध्यक्ष मोहित गुर्जर, गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष रुपेश चौधरी, बागपत के जिला अध्यक्ष भोपाल सिंह तथा हापुड़ के जिला अध्यक्ष सचिन सिंधु सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नवनियुक्त नगर अध्यक्ष गौरव सिंह को संगठन के संविधान और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक माह कम से कम 20 नए प्राथमिक सदस्यों को जोड़ने, संगठन के नाम का व्यक्तिगत लाभ के लिए उपयोग न करने तथा बिना अनुमति कोई सार्वजनिक बयान या प्रेस विज्ञप्ति जारी न करने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने गौरव सिंह को सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक साल के अंतर का हाल है। पिछले साल भाजपा के नेताओं ने अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई और एक नहीं अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। लेकिन एक साल बात किसी भाजपाई ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती नहीं मनाई। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को अहिल्याबाई होल्कर याद रहीं वो अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पहुंचे। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### 26वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत, निमार्णाधीन बिल्डिंग में हुआ हादसा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजय नगर थाना क्षेत्र की सिद्धार्थ विहार चौकी इलाके में स्थित निमार्णाधीन होम टीएनटी कंपनी की एक बहुमंजिला इमारत में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार एक युवक 26वीं मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। घटना के बाद आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए फ्लोरिस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुनील के रूप में बताई जा रही है। हादसा बेसमेंट-3 और टावर क्षेत्र के पास हुआ बताया गया है।

सूचना मिलते ही सिद्धार्थ विहार चौकी और विजय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक निर्माण कार्य से जुड़ा हुआ था, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों और लापरवाही के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। एक पल की लापरवाही पूरी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपकरणों का उपयोग और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद आवश्यक है, ताकि ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।

## महानगर उपाध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने मुरादनगर में कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम की 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को मुरादनगर शहर मंडल के बूथ संख्या-114 पर सुना।

कार्यक्रम का आयोजन मंडल उपाध्यक्ष गौरव वाल्मीकि के आवास पर किया गया। इस दौरान बूथ के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। 'मन की बात' में पीएम मोदी ने देश के विकास, युवा शक्ति, स्वच्छता और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

महानगर उपाध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' हर वर्ग को प्रेरित करती है। इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मंडल के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल उपाध्यक्ष अनिल महेंदी रत्ता के कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा और अजय शर्मा मौजूद रहे।

संजीव झा समेत सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक साथ बैठकर पीएम मोदी के संबोधन को सुना। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने देशहित के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के बाद बंगाल में भाजपा की जीत पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा की अहम भूमिका की सराहना की। साथ ही 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी रणनीति बनाई गई। अशोक मोंगा ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करना होगा। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। अजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर 2027 की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।